* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 दिसंबर, 2023
पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 68

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन में पं. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी नहीं आयेंगी। सीताराम येचुरी पहले ही ठुकरा चुके निमंत्रण।






आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

## नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज अधिसूचना रद्दः हेमंत

- मुख्यमंत्री ने 345 करोड़ रुपये की 130 योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया

मुकेश सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पूरे राज्य में भूमि को लेकर त्रुटियां हैं। वर्षों से संघर्ष कर रहे, नेतरहाट के लोगों की भूमि को वापस किया गया। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द की गयी। राज्य में कई किसानों की भूमि वापस हुई है। भूमि की त्रुटियों को सुधारना आवश्यक है। विश्वास रखें आनेवाले समय में इसका समाधान होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को लातेहार के प्रखंड स्थित कुंदरी गांव में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 345 करोड़ रुपये की 130 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। 215 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लातेहार में कार्य कर रही खनन कंपनियां यहां के स्थानीय युवाओं को भारी वाहन और खनन कार्य में उपयोग की जानेवाली मशीनों का संचालन करने का प्रशिक्षण देंगी। इसके लिए जिला प्रशासन को खनन कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है। इससे युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। राज्य सरकार ने राज्य में कार्य करनेवाले उद्योगों में स्थानीय लोगों के नियोजन हेतु 75 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून भी बनाया है।



### सरकार कर रही मदद, लाभ लें

मुख्यमंत्री ने पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना, ग्राम गाड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य और इससे जुड़ी योजनाएं, युवाओं के रोजगार के लिए उठाये जा रहे कदम, महिला, किसान समेत हर वर्ग की योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार आपके द्वार पर पहुंच कर मदद कर रही, इसका लाभ लें।

### पूरा देश कार्यक्रम को देख रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान को पूरा देश देख रहा है। इस अभियान का अनुसरण देश के अन्य राज्य कर रहे हैं। मैंने पूर्व में ही कहा था, जब यहां आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनेगी, तो यह सरकार गांव के लोगों के साथ संचालित होगी। अब हर वर्ष आपके द्वार पर शिविर लगा कर आपकी समस्याओं का समाधान होगा।

### लोगों को मिल रहा योजना का लाभ

हेमंत सोरेन ने कहा कि आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं और तकलीफ सीधे मुझ तक आती हैं। सरकार ने हर वो योजना बनाने का कार्य किया है, जिससे राज्य मजबूत हो सके और यहां के गांव में निवास करने वाले लोग सशक्त हो सकें। हमारी सरकार हर वर्ग के लोगों को योजना का लाभ दे रही है, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं।

## जस्टिस चंद्रशेखर होंगे एक्टिंग चीफ जस्टिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत हाइकोर्ट के सीनियर जस्टिस एस चंद्रशेखर को चीफ जस्टिस के कार्यालय का दायित्व सौंपा गया है। यह दायित्व 29 दिसंबर 2023 से प्रभावित होगा। इससे संबंधित नोटिफिकेशन मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डिप्टी सेक्रेटरी नारायण प्रसाद की ओर से बुधवार को जारी किया गया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## पाकिस्तान जा रहे जहाज पर हमला

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** लाल सागर में पाकिस्तान के कराची जा रहे जहाज पर बुधवार को हमला हुआ। यह जहाज 26 दिसंबर को सऊदी अरब से रवाना हुआ था। हूती विदेहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस पर कितने लोग मौजूद थे, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं दी गयीं। इस बीच अमेरिकी मिलिट्री ने लाल सागर में हूती विद्रोहियों की तरफ से दागी गयीं दर्जनों मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराया है। गौरतलब है कि पिछले चार हफ्तों में हूतियों ने 100 से ज्यादा हमले किये हैं।

बाबूलाल ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

## सरकारी स्कूलों में की गयी है घटिया पोशाक की आपूर्ति

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-कार्रवाई सुनिश्चित की जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग में सरकारी स्कूली बच्चों की पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका जाहिर की है। साथ ही इसकी जांच कराने और दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि हजारीबाग विधायक मनीष जयसवाल ने विधानसभा में जिले के सरकारी स्कूलों में घटिया पोशाक वितरण में गड़बड़ी का मसला उठाया था।



राज्य परियोजना निदेशक ने बच्चों के पोशाक वितरण से संबंधित दिशा-निर्देश सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को 8 अगस्त को जारी किया था। तय मापदंड के बाहर जाकर हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक ने बगैर टेंडर और इसे स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किये बिना दूसरे जिले के एनजीओ को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया। यह नियम विरूद्ध है। साथ ही इसकी इसकी क्वालिटी इतनी खराब निकली कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटना शुरू हो गया।

बाबूलाल ने लिखा है कि राज्य परियोजना निदेशक की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा गया था कि यदि जिले में संचालित एसएचजी स्वेटर, पोशाक के कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं, तो उनके माध्यम से इस कार्य को कराना है। अन्यथा डीबीटी के जरिये बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध करायी जानी है। कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग डीएसइ द्वारा नियम कानून को किनारे कर दिया गया। चहेते एसएचजी को पोशाक आपूर्ति का आदेश देकर 12 करोड़ रुपये की निकासी कर ली गयी। सीएस से अपेक्षा करते बाबूलाल ने कहा है कि वे इस मामले की जांच करायेंगे और दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करेंगे।

## हाइकोर्ट से सीएम हेमंत सोरेन को मिली राहत, माइनिंग लीज याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद और अपने रिश्तेदारों को माइनिंग लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआइ कार्यकर्ता एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने वर्चुअली बुधवार को फैसला सुनाया। इससे पहले कोर्ट ने पूर्व में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके साथ ही हाइकोर्ट ने प्रार्थी सुनील महतो की जनहित याचिका खारिज कर दी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने इससे पहले सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने कोर्ट को बताया था कि सीएम हेमंत सोरेन के माइनिंग लीज से संबंधित शिव शंकर शर्मा की दो जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। प्रार्थी ने इस केस में आरोप लगाया है वह प्रेयर और आरोप शिव शंकर शर्मा के केस में भी था। सुनील कुमार महतो की याचिका में कुछ नया नहीं है, सीएम और उनके रिश्तेदारों पर एक ही तरह के आरोप लगे हैं, जिसे सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुकी है। ऐसे में सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका को खारिज कर दिया जाना चाहिए। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार-विशाल कुमार ने कोर्ट को बताया कि शिवशंकर शर्मा के मामले में केवल सीएम हेमंत सोरेन की माइंस लीज का मामला था। लेकिन इस मामले में सीएम के माइनिंग लीज के अलावा उनकी पत्नी और साली को इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन देने का भी है।

### न्यूज रील्स

#### मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर पर बैन

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम ग्रुप) पर प्रतिबंध लगा दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों की वजह से इस संगठन पर यूएपीए के तहत बैन लगाया गया है।

#### बिहार में गंगा नदी पर बनेगा पुल

नयी दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को अहम फैसले लिये गये। बिहार में दीघा से सोनपुर जिले के बीच गंगा नदी पर 6 लेन केबल ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है। कोपरा (नारियल की गरी) के लिए एमएसपी निर्धारित किया गया।

#### दिल्ली में कोहरे का रेड अलर्ट

नयी दिल्ली। दिल्ली में कोहरे को लेकर रेड अलर्ट है। घनी धुंध के कारण रेलवे, सड़क और एयर रूट प्रभावित हुए हैं। कम विजिबिलिटी के कारण 110 फ्लाइट्स लेट हो गयीं। कई ट्रेनें प्रभावित हैं। उत्तरप्रदेश और राजस्थान में घने कोहरे के नौ सड़क हादसे हुए। इन हादसों में 55 गाड़ियां टकरा गयीं। दोनों राज्यों में आठ लोगों की मौत हुई है। 49 लोग घायल हैं।

#### भारत-रूस रिश्ते सबसे स्थिर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। जयशंकर ने कहा कि दुनिया में सिर्फ भारत-रूस के रिश्ते ही स्थिर हैं। इसके अलावा सभी देशों के संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। हम मिलिट्री, स्पेस और न्यूक्लियर एनर्जी के मामले में सिर्फ उसी देश के साथ साझेदारी करते हैं, जिस पर हमें पूरा भरोसा होता है। भारत-रूस के रिश्ते कई मायनों में खास हैं।


## सहायता समूहों की दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना चाहता हूंः नरेंद्र मोदी

पीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि देश में काम कर रहे स्वयं सहायता समूहों की दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना उनका सपना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अद्भुत परिणाम आ रहे हैं। आज देश के करोड़ों लाभार्थी सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बन रहे हैं। एक करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिये जा चुके हैं। 11 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नये लाभार्थियों ने आवेदन किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए, गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ बहन-बेटियां और दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। लोगों को नयी ताकत मिल रही है और वे अपने लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। पीएम ने कहा है कि कम से कम दो करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाना लक्ष्य है। महिला, युवा या फिर गांव के वरिष्ठ नागरिक सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं।






## राहुल 14 जनवरी से भारत न्याय यात्रा पर



मणिपुर से मुंबई तक 14 राज्यों में 6200 किमी का सफर

झारखंड से भी गुजरेगी यात्रा, 20 मार्च को होगी समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। इस दौरान यात्रा 14 राज्यों और 85 जिलों को कवर करेगी। राहुल गांधी बस से और पैदल 6 हजार 200 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करेंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में समाप्त होगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस यात्रा को हरी झंडी दिखायेंगे। भारत न्याय यात्रा का मकसद आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय है। इस यात्रा में राहुल युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर पड़े लोगों से मुलाकात करेंगे। बस यात्रा से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा जायेगा। यात्रा में कुछ छोटे हिस्से को रुक-रुक कर पैदल भी कवर किया जायेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इसके अलावा 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी नागपुर में महारैली करेगी। इसका नाम है, 'हैं तैयार हम।' इस महारैली से 2024 लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। गौरतलब है कि इससे पहले राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक भारत जोड़ो यात्रा की थी। 145 दिनों की यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू होकर जम्मू-कश्मीर में खत्म हुई थी। तब राहुल ने 3570 किलोमीटर की यात्रा में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड में नया सियासी तूफान पैदा करेगा डीलिस्टिंग का मुद्दा

## ■ धर्मांतरण की साजिश को बेनकाब और आदिवासी हितों की रक्षा का फार्मूला है डीलिस्टिंगः कड़िया मुंडा

आजाद सिपाही विशेष

**देश में डीलिस्टिंग के मामले को लेकर आदिवासी संगठनों की मुहिम तेज हो गयी है। इसका असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। डीलिस्टिंग को लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में 24 दिसंबर को उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के कोने-कोने से बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। दरअसल, डीलिस्टिंग का मुद्दा आदिवासी-जनजातीय समुदाय की एक बड़ी आबादी के धर्मांतरण के खिलाफ मुहिम है। इस आंदोलन का मुख्य एजेंडा इसाई, इस्लाम या किसी अन्य धर्म में धर्मांतरित हो चुकी आबादी को संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक आदिवासियों को दी जा रही आरक्षण की सुविधा से हटाना है। इस तरह साफ है कि डीलिस्टिंग का यह आंदोलन देश के आदिवासी इलाकों में कई दशकों से चल रहे धर्मांतरण के खिलाफ एक सशक्त आवाज है और भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुकूल है। धर्मांतरण केवल झारखंड में ही नहीं, देश भर में निवास कर रहे आदिवासी समुदाय की पहचान, अस्मिता और अधिकारों पर करारा प्रहार करता है। इसलिए यह मुद्दा बहुत पहले उठाया जा चुका है, लेकिन कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियों के कारण इस आंदोलन को सशक्त आवाज नहीं मिली। अब एक बार फिर झारखंड से यह आंदोलन शुरू हुआ है और छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश जैसे प्रदेशों से भी इसके समर्थन में आवाज उठने लगी है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि डीलिस्टिंग का आंदोलन सियासी रूप से भी गरमा गया है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि डीलिस्टिंग महारैली केवल आरएसएस का फार्मूला लागू करने का प्रयास था। जमीन लूटनेवालों के खिलाफ क्यों नहीं बोलती भाजपा और उससे जुड़े संगठन। डीलिस्टिंग को लेकर जिस तरह का माहौल झारखंड में बन रहा है, उससे साफ है कि झारखंड में इसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिल सकता है। डीलिस्टिंग का सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस को होगा। इसलिए वह अभी से ही इसका विरोध करने लगी है। दूसरी तरफ भाजपा के लिए झारखंड के आदिवासी इलाकों में अपनी पकड़ दोबारा मजबूत करने में यह आंदोलन मददगार साबित हो सकता है। क्या है डीलिस्टिंग और क्या है इस आंदोलन का इतिहास, भविष्य और सियासी असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

15 नवंबर 2000 को भारत के 28वें राज्य के रूप में उभरे झारखंड में इन दिनों एक अलग ही आंदोलन की आवाज गूंज रही है। यह आवाज है डीलिस्टिंग आंदोलन की। इस मुद्दे को लेकर 24 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में उलगुलान रैली हो चुकी है, जिसमें झारखंड के कोने-कोने से बड़ी संख्या में आदिवासियों ने हिस्सा लिया और डीलिस्टिंग की मांग का समर्थन किया। जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले डीलिस्टिंग की मांग जबरदस्त तरीके से इस जनजाति बाहुल्य राज्य में अपना प्रभाव पैदा कर रही है। मंच के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद पद्मश्री कड़िया मुंडा ने कहा कि यह आदिवासी-जनजातीय समुदाय की बड़ी आबादी के धर्मांतरण के खिलाफ मुहिम है। उन्होंने कहा कि इसाई धर्म में परिवर्तित होते ही व्यक्ति अपने संस्कार त्याग देता है। जो व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक के अपने परंपरागत 16 संस्कार त्याग देता है, वह आदिवासी नहीं रह जाता है। इसलिए जो आदिवासी नहीं है, उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। कड़िया मुंडा ने कहा कि देश की सात सौ से ज्यादा जनजातियों के विकास और उन्नति के लिए संविधान में आरक्षण सहित अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन सुविधाओं का लाभ जनजातियों के स्थान पर धर्मांतरित लोगों को मिल रहा है। धर्मांतरित लोग अपनी रुढ़ियों, प्रथाओं और परंपरा-संस्कृति को त्याग कर इसाई या मुस्लिम बन गये हैं। मंच का कहना है कि जनजातियों को सशक्त बनाने के लिए परंपरागत कानून, वनाधिकार सहित अन्य प्रावधान किये गये हैं, लेकिन धर्मांतरित लोग अपनी संस्कृति, आस्था और परंपराओं को त्याग कर इसाई या मुस्लिम बन गये हैं। आरक्षण सहित अन्य सुविधाओं का 80 फीसदी फायदा ऐसे लोग उठा रहे हैं। ऐसे में यदि रुढ़ियों और परंपराओं को त्याग कर इसाई या मुस्लिम बन गये लोग आरक्षण का लाभ लेंगे, तो यह अन्याय होगा।

युवा आदिवासी नेता सन्नी उरांव का कहना है कि आदिवासियों के लिए आरक्षित विधानसभा और लोकसभा सीटों पर इसाई धर्म में परिवर्तित हो चुके लोग खड़े होते हैं और येन-केन-प्रकारेण जीतते हैं। यह आदिवासी हितों के खिलाफ है।

### क्या है डीलिस्टिंग का मतलब

जनजाति समाज में आजकल डीलिस्टिंग के पक्ष में जबरदस्त तर्क रखे जा रहे हैं। ये संवैधानिक और जनजातीय परंपराओं के अनुकूल भी हैं। असल में जनजाति वर्ग को विशेषाधिकार संविधान में उनके पिछड़ेपन और समग्र सशक्तिकरण के लिए सुनिश्चित किये गये हैं। इसका आधार विशुद्ध रूप से जनजाति पहचान है। धार्मिक आधार पर संविधान किसी तरह के आरक्षण की व्यवस्था को स्पष्ट रूप से निषिद्ध करता है। डीलिस्टिंग का मामला इसी संवैधानिक प्रावधान की बुनियाद पर खड़ा है, जिसे संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 में परिभाषित किया गया है।

### धर्मांतरण ने बिगाड़ दिया संविधान का पवित्र उद्देश्य

यह तथ्य सर्वविदित है कि देश में इसाई मिशनरियों के धर्मांतरण अभियान ने जनजाति वर्ग के लाखों लोगों को जनजातीय हिंदू से इसाई बना दिया है। उनके नाम और उपनाम से ही स्पष्ट है कि वे अपनी जनजातीय पहचान को विलोपित कर चुके हैं, यानी वे मूलतः जनजाति से इसाई या मुस्लिम धर्म में धर्मांतरित हो चुके हैं। भारतीय संविधान धार्मिक आधार पर किसी भी विशेषाधिकार को निषिद्ध करता है।

### 80 फीसदी आरक्षण का लाभ धर्मांतरित लोगों के पास

झारखंड के अलावा मध्यप्रदेश, ओड़िशा, छतीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और पूर्वोत्तर के राज्यों में जनजाति वर्ग के हिस्से का 80 फीसदी फायदा धर्मांतरण के जरिये इसाई या मुस्लिम बन चुके लोग उठा रहे हैं। जनजाति सुरक्षा मंच के लोग बताते हैं कि उनके समाज में मिशनरियों का दखल इतना अधिक हो चुका है कि परंपराओं को भी खतरा महसूस हो रहा है। खूंटी, गुमला, लोहरदगा, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, दुमका आदि जिलों के कुछ इलाकों में 80 फीसदी तक धर्मांतरण हो चुका है और गांव के आंगनबाड़ी से लेकर शिक्षक, नर्स, ग्राम सेवक, सेल्समैन, पंचायत सचिव सभी लोग मिशनरी के साये से निकली नामधारी जनजाति के हैं, लेकिन असल में वे सभी इसाई हैं।

### जेवियर बने पर लाभ जनजाति का

मंच के लोग खूंटी जिले के एक गांव के निवासी फ्रांसिस जेवियर का उदाहरण देते हैं। यह युवक अपने साथियों को यह समझा रहा है कि मिशनरियों के स्कूल, अस्पताल, हॉस्टल में जाने से कैसे उसके जैसे लोगों की जिंदगी में सब बढ़िया ही बढ़िया हो गया है। जेवियर खुद सरकारी अस्पताल में टेक्नीशियन है। उसकी मां नर्स, पिता गुमला में सरकारी कर्मचारी हैं और छोटे भाई-बहन भी मिशन स्कूल में पढ़ रहे हैं। जेवियर और उसके परिवार ने अपने दस्तावेजों में आज भी खुद को जनजाति के रूप में कायम कर रखा है, ताकि जनजाति वर्ग के आरक्षण का फायदा मिलता रहे। सच्चाई यह है कि जेवियर जनजाति न रह कर अब इसाई हो चुका है और इस आधार पर वह संवैधानिक रूप से किसी भी आरक्षण का पात्र नहीं है।

### अनुच्छेद 341 में हो चुका है संशोधन, 342 क्यों अछूता

संविधान के अनुच्छेद 341 में अनुसूचित जाति और 342 में जनजाति के संरक्षण और आरक्षण का प्रावधान किया गया था। 1956 में अनुसूचित जाति के प्रावधान में डीलिस्टिंग को जोड़ दिया गया, यानी अनुसूचित जाति का कोई भी सदस्य अपनी पहचान (हिंदू) छोड़ कर अन्य धर्म में जाता है, तो उसे 341 के सरंक्षण से वंचित होना पड़ता है। बाद में इसमें हिंदू के साथ सिख और बौद्ध भी जोड़ दिये गये, लेकिन जनजातियों के मामले में अनुच्छेद 342 पर अभी तक ऐसा प्रावधान नहीं जोड़ा गया। इसी का फायदा उठा कर देश भर में मिशनरियों और जिहादी तत्वों ने धर्मांतरण का पूरा तंत्र खड़ा कर लिया है।

### बाबा कार्तिक उरांव ने 1967 में पेश किया था डीलिस्टिंग प्रस्ताव

डीलिस्टिंग का मुद्दा आज का नहीं है। देश के पूर्व नागरिक उड्डयन और संचार मंत्री सह आदिवासियों के बड़े नेता कार्तिक उरांव ने 70 के दशक में ही इस पहचान के संकट को समझ लिया था। कार्तिक उरांव अत्यंत प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। 1967 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लोहरदगा से चुनाव लड़ा और सांसद बने। 1977 की जनता लहर का अपवाद छोड़ दें, तो अपनी मृत्यु (1981) तक वह लोहरदगा का प्रतिनिधित्व लोकसभा में करते रहे। 8 दिसंबर 1981 को संसद भवन में ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गयी। सबसे पहले उन्होंने ही डीलिस्टिंग का मुद्दा उठाया था।

### धर्मांतरण को लेकर मुखर रहते थे कार्तिक उरांव

कार्तिक उरांव धर्मांतरण संबंधी सभी बातों को लेकर काफी मुखर रहते थे। वनवासी कल्याण आश्रम के बाला साहब देशपांडे से उनका जीवंत संपर्क था और यही कांग्रेस को खटकता था। कार्तिक उरांव ने विभिन्न कार्यक्रमों में वनवासियों से कहा था कि इसा से हजारों वर्ष पहले वनवासियों के समुदाय में निषादराज गुह, माता शबरी, कण्णप्पा आदि हो चुके हैं, इसलिए हम सदैव हिंदू थे और हिंदू रहेंगे।

### हम हिंदू पैदा हुए और हिंदू ही मरेंगे

जीवन के अंतिम वर्षों में कार्तिक उरांव ने साफ कहा था, हम एकादशी को अन्न नहीं खाते, भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, विजया दशमी, राम नवमी, रक्षाबंधन, देवोत्थान पर्व, होली, दीपावली आदि धूमधाम से मनाते हैं। ओ राम ओ राम कहते-कहते हम उरांव नाम से जाने गये। हम हिंदू पैदा हुए और हिंदू ही मरेंगे।

### 1969 में संसदीय समिति डीलिस्टिंग की अनुशंसा कर चुकी है

बाबा कार्तिक उरांव वनवासियों के धर्मांतरण से क्षुब्ध थे। इसलिए 1967 में संसद में उन्होंने अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया। इस विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने बहुत छानबीन की और 17 नवंबर 1969 को अपनी सिफारिशें दीं। उनमें प्रमुख सिफारिश यह थी कि कोई भी व्यक्ति, जिसने जनजातीय मतों तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया हो और इसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा, अर्थात धर्मांतरण करने के बाद उस व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत मिलनेवाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। संयुक्त समिति की सिफारिश के बावजूद एक वर्ष तक इस विधेयक पर संसद में बहस ही नहीं हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर इसाई मिशनरियों का जबरदस्त दबाव था कि वह इस विधेयक का विरोध करें। इसाई मिशनरियों के प्रभाव वाले 50 संसद सदस्यों ने इंदिरा गांधी को पत्र लिखा कि इस विधेयक को खारिज किया जाये।

### 348 सांसदों की मांग खारिज कर दी थी इंदिरा गांधी ने

कांग्रेस में रहते हुए इस मुहिम के विरोध में अपने राजनीतिक भविष्य को दांव पर लगा कर कार्तिक उरांव ने लोकसभा के 322 सदस्यों और राज्यसभा के 26 सदस्यों के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र इंदिरा गांधी को दिया, जिसमें यह जोर देकर कहा गया था कि वह विधेयक की सिफारिशों को स्वीकार करें, क्योंकि यह तीन करोड़ वनवासियों के जीवन-मरण का प्रश्न है। लेकिन इसाई मिशनरियों का एक प्रभावी अभियान पर्दे के पीछे से चल रहा था। नतीजतन विधेयक ठंडे बस्ते में पटक दिया गया।

### इसाई लॉबी के आगे झुकी रही सरकार

16 नवंबर 1970 को इस विधेयक पर लोकसभा में बहस शुरू हुई। इसी दिन नागालैंड और मेघालय के इसाई मुख्यमंत्री दबाव बनाने के लिए दिल्ली पहुंचे। मंत्रिमंडल में दो इसाई राज्यमंत्री थे। उन्होंने भी दबाव की रणनीति बनायी। इसी के चलते 17 नवंबर को सरकार ने एक संशोधन प्रस्तुत किया कि संयुक्त समिति की सिफारिशें विधेयक से हटा ली जायें।

### इंदिरा गांधी ने बीच में रुकवा दी लोकसभा में बहस


बहस के दिन सुबह कांग्रेस ने एक ह्विप अपने सांसदों के नाम जारी किया, जिसमें इस विधेयक में शामिल संयुक्त समिति की सिफारिशों का विरोध करने को कहा गया था। कार्तिक उरांव संसदीय संयुक्त समिति की सिफारिशों पर 55 मिनट बोले। वातावरण ऐसा बन गया कि कांग्रेस के सदस्य भी ह्विप के विरोध में संयुक्त समिति की सिफारिशों के समर्थन में वोट देने की मानसिकता में आ गये। अगर यह विधेयक पारित हो जाता, तो वह एक ऐतिहासिक घटना होती। स्थिति को भांप कर इंदिरा गांधी ने इस विधेयक पर बहस रुकवा दी और कहा कि सत्र के अंतिम दिन इस पर बहस होगी। किंतु ऐसा नहीं होना था। 27 दिसंबर को लोकसभा भंग हुई और कांग्रेस द्वारा आदिवासियों के धर्मांतरण को मौन सहमति मिल गयी।

### धर्मांतरण और जनजातीय आरक्षण का गणित

मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये एक स्वतंत्र शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि कार्तिक उरांव जो चिंता 70 के दशक में व्यक्त कर रहे थे, वह 70 साल में कितनी विकराल हो चुकी है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल जनजातीय प्रतिनिधित्व का 67 फीसदी इसाई और अन्य धर्म में जा चुके लोग कर रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में करीब 69 प्रतिशत आरक्षण का लाभ जनजाति की आड़ में मिशनरियों के जरिये धर्मांतरण कर चुके लोग उठा रहे हैं। राजस्व, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास और पंचायती राज जैसे महकमों में एक अनुमान के अनुसार 70 प्रतिशत तक इसाई, मुस्लिम मत में जा चुके लोग जनजाति कोटे का लाभ ले रहे हैं।

### क्या हो सकता है सियासी असर

झारखंड समेत देश भर के आदिवासी इलाकों में नये सिरे से शुरू हुए डीलिस्टिंग आंदोलन का सियासी असर पड़ना स्वाभाविक है। डीलिस्टिंग का सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस को होगा। इसलिए वह अभी से ही इसका विरोध करने लगी है। दूसरी तरफ भाजपा के लिए झारखंड के आदिवासी इलाकों में अपनी पकड़ दोबारा मजबूत करने में यह आंदोलन मददगार साबित हो सकता है।





## आदिवासी किसी का शिकार नहीं बनेगा : बंधु तिर्की

**राजधानी में एकता महारैली 4 फरवरी को**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि चार फरवरी को राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली होगी। इसमें केवल आदिवासी मुद्दों की बात होगी और उनसे जुड़े ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए स्पष्ट रास्ता तैयार किया जायेगा। श्री तिर्की बुधवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे।

बंधु तिर्की ने कहा कि तीन-चार महीने के बाद लोकसभा चुनाव है और उसके बाद 2024 में ही विधानसभा चुनाव है। इसे देखते हुए भाजपा और उसके मुखौटे संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वनवासी कल्याण केंद्र, जनजाति सुरक्षा मंच जैसे संगठन सामने आ गये हैं। तीन दिन पहले आयोजित डिलिस्टिंग रैली केवल चुनाव के मद्देनजर आदिवासियों के ध्रुवीकरण का प्रयास है। कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है और वे विस्थापन, शोषण और पलायन का शिकार हो रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। आदिवासियों की शैक्षणिक और रोजगार की स्थिति पर भी डिलिस्टिंग रैली में खामोशी रही और उन नेताओं ने यह भी नहीं बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा संचालित 72 विद्यालयों का अनुदान भाजपा सरकार ने क्यों बंद किया। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा केवल पाकुड़ और जामताड़ा की डेमोग्राफी में बदलाव की चर्चा करने के बदले व्यापक परिप्रेक्ष्य में पूरे राज्य की बात करे। उन्होंने कहा कि डिलिस्टिंग की मांग करनेवाले लोगों को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची में ही चडरी, करमटोली, हातमा, हेहल, बनहोरा, पुरानी रांची, हेसल, कमड़े जैसे क्षेत्रों में भी आदिवासियों की जमीन व्यापक पैमाने पर कैसे और किनके द्वारा लूटी जा रही है और वैसे लोगों के विरुद्ध रैली में एक शब्द भी क्यों नहीं बोला गया। कहा कि आदिवासियों की डेमोग्राफी में नकारात्मक बदलाव पर भी रैली में कुछ नहीं कहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि डिलिस्टिंग की मांग करनेवाले वैसे ही लोग हैं, जिनकी विचारधारा जमीन लूटने वालों से मिलती-जुलती है और इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि वैसे जमीन दलालों के विषय में एक शब्द भी नहीं कहा गया। कहा कि यह बात पूरी तरीके से गलत है कि 80 प्रतिशत मतांतरित लोगों ने अनुसूचित जनजाति के लिए दिये जानेवाले आरक्षण पर कब्जा कर लिया है। संविधान में जाति के आधार पर आरक्षण का प्रावधान किया गया है ना कि धर्म के आधार पर। इस बात को सभी लोगों को समझना चाहिए। कड़िया मुंडा को यह बताना चाहिए कि आठ बार लोकसभा चुनाव जीतनेवाले सांसद के अतिरिक्त वह केंद्रीय मंत्री और लोकसभा उपाध्यक्ष भी रहे, लेकिन इस दौरान उन्होंने आदिवासियों के हित में ऐसा कौन सा काम किया है, जो बताया जा सके।



### आदिवासियों में सिर्फ फूट डालने का प्रयास

बंधु तिर्की ने कहा कि डिलिस्टिंग रैली केवल आदिवासियों में फूट डालने का प्रयास है। झारखंड के आदिवासी इस प्रयास को कभी भी सफल नहीं होने देंगे।

### धर्म परिवर्तन पर सवाल खड़ा करना गलतः मुर्मू

आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के पूर्व अध्यक्ष पीसी मुर्मू ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार धारा 25 में इच्छानुसार धर्म को अपनाने का अधिकार है और उस पर सवाल खड़ा करना बिल्कुल गलत है। आदिवासी चिंतक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि चार फरवरी को पूरे झारखंड के आदिवासी एकता महारैली में भाग लेंगे और यह ऐतिहासिक अवसर होगा, जब रैली में आरएसएस विचारधारा वाले संगठनों को छोड़कर सभी आदिवासी संगठनों को बुलाया जायेगा। इसमें आदिवासियों की एकजुटता और उनकी मांग मुखरता से उठायी जायेगी। मौके पर शिवा कच्छप भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.0 °c | 12.0 °c |

सूर्यास्त (आज) : 17.01 बजे
सूर्योदय (कल) : 06.29 बजे


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in




# सीएम के सचिव विनय चौबे ने तैयारियों का लिया जायजा

## 29 दिसंबर को मोरहाबादी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने बुधवार को मोहराबादी मैदान में 29 दिसंबर को आयोजित होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तमाम तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने अब तक की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारियों से कहा कि यह आयोजन भव्य तरीके से बिना किसी परेशानी से संपन्न हो। इसको लेकर हर एक तैयारी का बारीकी से निरीक्षण करें, ताकि यह कार्यक्रम भव्य तरीके से हो सके।

सीएम के सचिव ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भारी भीड़ होगी, जिसके लिए तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की आवश्यकता है।

लोग इस कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। उन्हें कार्यक्रम देखने में कोई असुविधा नहीं हो। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के लिए अतिरिक्त एलइडी की व्यवस्था रखनी होगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता कृष्ण अग्रवाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर और इस आयोजन से जुड़े तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के मुख्य सचिव का आदेश 30 तक मुख्यालय नहीं छोड़ें सचिव

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने सभी विभागों के सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है। दरअसल, 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है। इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने यह आदेश दिया है। वहीं दूसरी तरफ 27 से 29 दिसंबर तक दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन होनेवाला है। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल होंगे।**

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेगी,परिश्रम व प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे।

**वृष** विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** नए सम्पर्क बनेंगे,शत्रुओं पर विजय,समाज से सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**सिंह** नौकरी-व्यापार की क्षेत्र में सफलता, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** रोग-शोक-दु:श्चिन्ताएं दूर होगी, नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** रूके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** मीन-चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी,रोजी-रोजगार में परिश्रम का फल मिलेगा।

# गिरिडीह में बोलेरो से 40 लाख बरामद

## वाहन पर सवार चार लोग हिरासत में

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के घोड़थंभा ओपी क्षेत्र के कोलडीहा के पास मंगलवार की रात पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से 40 लाख रुपये बरामद किये हैं। वहीं, वाहन पर सवार चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली से रंजीत राम नामक एक युवक 86 लाख रुपये किसी के घर से लेकर भागा है और घोड़थंभा के गुंडरी में आकर छिपा हुआ है। युवक से रुपये वसूलने के लिए दिल्ली से कुछ लोग स्कॉर्पियो पर सवार होकर सोमवार को गुंडरी पहुंचे थे और रंजीत राम को कुछ रकम के साथ अपने साथ ले गये। इस बीच पुलिस को बताया गया कि एक बोलेरो पर कुछ लोग 40 लाख रुपये लेकर कहीं जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने कोलडीहा के पास वाहनों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। जैसे ही बोलेरो वाहन वहां पहुंचा, पुलिस ने रोक कर उसकी जांच-पड़ताल की। जांच में पुलिस को वाहन से 40 लाख रुपये मिले। नोट 500-500 रुपये की गड्डियों में थे। घोड़थंभा ओपी में नोटों को लाकर गिनती की गयी। पुलिस वाहन पर सवार चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## लूटपाट में पुलिस ने चार अपराधियों को दबोचा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र स्थित कोरियाटांड़ में बीते 16 नवंबर को मोहम्मद ताहिर अंसारी से 75 हजार रुपये की लूट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी की गिरफ्तारी अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से हुई है। गिरफ्तार अपराधियों में नितेश कुमार, समशुद्दीन अंसारी, सुजीत कुमार और मो सबा शामिल है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त अपाची बाइक, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। सभी ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार की है।

# खलारी में सीआइएसएफ जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** जिले के खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया स्थित सीआइएसएफ कैंप में एक जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। यह घटना बुधवार दोपहर की है। घटना के बाद आनन-फानन में उसके साथी उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान वीएन वर्मा मूल रूप से उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद का रहने वाला था। इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लेकर आगे की जांच में जुट गयी। जवान ने किस वजह से खुद को गोली मार कर आत्महत्या की है, इसके पीछे की सही वजह अभी तक सामने नहीं आ पायी है। इस मामले में खलारी थाना की पुलिस ने बताया कि मामले में जांच चल रही है।

## सोलर लाइट-पानी टैंकर की खरीद में गड़बड़ी

# फंसे गोला के पूर्व बीडीओ, चलेगी कार्यवाही

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों पर अलग-अलग मामले में कार्रवाई की गयी है। रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो पर विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है। उनके खिलाफ गोला प्रखंड में सोलर लाइट, एलइडी स्ट्रीट लाइट तथा पानी टैंकर की खरीदारी में अनियमितता बरतने का आरोप है। उपायुक्त रामगढ़ ने 2018 में ही आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद अब उनके ऊपर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया है। जांच संचालन पदाधिकारी सेवानिवृत्त आइएएस अरविंद कुमार को नियुक्त किया गया है। पवन कुमार महतो से 15 दिनों के अंदर लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा है। सरकार ने इसके अलावा तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी नीमडीह, सरायकेला-खरसावां डेविड बलिहार को निंदन दंड की सजा दी है। उनके खिलाफ 2009-10 में मनरेगा योजना में मानव दिवस सृजन में धीमी प्रगति, योजना की पूर्णता की स्थिति दयनीय, श्रम बजट के विरुद्ध व्यय प्रतिशत में कमी सहित कई आरोप लगे थे। जांच में यह बात सामने आयी कि नवंबर 2009 तक लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 31.31 प्रतिशत योजनाओं को पूर्ण किया गया है। इसी तरह मानव दिवस सृजन, श्रम बजट के विरुद्ध व्यय, एमआइएस इंट्री एवं जॉब कार्डधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रतिशत भी काफी कम है।

# पूजा सिंघल की भूमिका की जांच मामले में प्रार्थी और उसके अधिवक्ता को हटाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में वर्चुअली सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रार्थी अरुण कुमार दुबे और उसके अधिवक्ता राजीव कुमार के क्रेडेंशियल को सही नहीं मानते हुए दोनों को मामले से हटाने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एमिकस क्यूरी की नियुक्ति करने का निर्देश देते हुए मामले को किसी सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले में सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया।

बता दें कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट में पक्ष रखते हुए रूल्स के खिलाफ याचिका दाखिल किये जाने के आधार पर इसे खारिज करने की मांग की थी। पूर्व में कोर्ट ने सरकार का पक्ष जानने के बाद मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा था।

### क्या बताया था प्रार्थी ने



**पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया था कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में अभी 200 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी मिली है। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी के डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया। एसीबी से पूरे मामले की जांच करायी गयी, लेकिन उसमें तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच नहीं की गयी। उपायुक्त के द्वारा ही चेक पर हस्ताक्षर किया जाता था। उनकी भूमिका की इडी से जांच कराने का आग्रह किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी ने जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।**

## सबजोनल कमांडर अघनु से एनआइए कर रही पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** माओवादी सबजोनल कमांडर अघनु गोंझू से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) पूछताछ कर रही है। एनआइए की रांची शाखा अघनु गोंझू को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। लातेहार पुलिस ने इस साल 28 अक्टूबर को अघनु गोंझू को गिरफ्तार किया था। उस पर आठ लाख का इनाम घोषित था। झारखंड सरकार ने पांच लाख और एनआइए ने उस पर तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा था। लातेहार के एसपी ने बताया कि अघनु गोंझू पर लातेहार, गुमला, लोहरदगा और रांची जिलों के 15 थानों में करीब 78 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकइया मोड़ के पास पुलिस पार्टी पर किये गये हमले का वह मुख्य आरोपी है। इससे पहले इस साल 13 जुलाई को एनआइए ने अघनु गोंझू के घर पर चंदवा इश्तेहार चिपकाया था।

## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव मोरहबादी मैदान में 31 से

# देश भर के 785 जनजातीय समुदाय का होगा जमावड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन मोरहाबादी मैदान में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को होगा। इसमें देशभर के 785 जनजातीय समुदाय का जमावड़ा होगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को हुई बैठक में कहा गया कि बात जब हम सब जतरा का करते हैं, तो आदिवासी समाज में जतरा का गौरवशाली इतिहास रहा है। जल, जंगल, जमीन, ढोल, नगाड़ा, अखाड़ा, नृत्य-संगीत, पारंपरिक लोक गीत-नृत्य, व्यंजन ही आदिवासी समुदाय की पहचान है। इसी उद्देश्य के साथ धूमकुड़िया भवन में बुधवार को अंतु तिर्की के अध्यक्षता में बैठक की गयी। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में 32 प्रकार के आदिवासी समुदाय निवास करते हैं। वहीं पूरे भारत में 785 प्रकार के आदिवासी समुदाय निवास करते हैं। ऐसे लोगों को जागरूक कर उन्हें एक सूत्र में बांधना, मुख्यधारा से जोड़ना और कला संस्कृति के बारे में बताना है। सूरज टोप्पो ने कहा कि आदिवासी समुदाय का जल, जंगल, जमीन की जिस तरह से लूट मची हुई है। यह समाज के लिए बेहद ही चिंताजनक है।

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में अंतु तिर्की, नीलम बिरूली, माला कुजूर, सोनू खलखो, मिथिलेश कुमार, सूरज टोप्पो, मानसिंह मुंडा, सिकंदर मुंडा, सुरेश मिर्धा, विनय नायक, विक्की कुमार, मोहन तिर्की, राज उरांव, विनोद मुंडा, निरंजन भारती, दीपक मुंडा, डब्लू मुंडा, अनिल मुंडा, निरंजना हेरेंज टोप्पो, अमित मुंडा, रवि मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे।

### महोत्सव कमेटी में मिली जिम्मेवारी

**अध्यक्ष-** अंतु तिर्की
**कार्यकारी अध्यक्ष-** अर्जुन मुंडा, रवि मुंडा, अभय कुमार, नरेश पाहन, अजीत कच्छप
**उपाध्यक्ष-** सोनू खलखो, अमित मुंडा, मिथिलेश कुमार, राकेश मुंडा, सुजाता कश्यप
**महासचिव-** रितेश उरांव, नीलम बिरौली, राधा हेंब्रोम, अनिल उरांव, ज्योत्सना केरकेट्टा
**सचिव-** बिरसा पाहन, सुखदेव मुंडा, निरंजन हेरेंज टोप्पो, महावीर लकड़ा, डब्लू मुंडा, अरुण पहाड़
**कोषाध्यक्ष-** सूरज टोप्पो, मोहन तिर्की, विक्की करमाली
मीडिया प्रभारी- निरंजन भारती
सलाहकार-राज उरांव

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर निर्देश जारी

# छात्रों को मिलेगा तनाव से मुक्ति का मंत्र

## पंजीकरण करायें, मिलेगा पीएम से संवाद का मौका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए जनवरी या फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सातवां संस्करण राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के टाउनहॉल में आयोजित होगा। इसे देखते हुए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र भेजा है।

पत्र में कार्यक्रम को देखते हुए सभी स्तरों पर तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार या जिला स्तर पर एक्शन प्लान तैयार करने के साथ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

क्या है परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

इस कार्यक्रम में छात्रों के मन से परीक्षा का तनाव कम करने के लिए प्रधानमंत्री छात्रों के साथ सीधा संवाद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री छात्रों के प्रश्न सुनते हैं और उसका जवाब देते हैं, जिससे छात्र के मन में उपजे परीक्षा के तनाव को कम किया जा सके। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विगत छह वर्षों से करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 12 जनवरी तक होगा। प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12वीं तक के छात्र, शिक्षक और उनके अभिभावक भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन बहु विकल्पीय प्रश्न पर आधारित प्रतियोगिता पूरी करने के बाद छात्र अपना प्रश्न प्रधानमंत्री को अधिकतम 500 शब्दों में सबमिट कर सकते हैं। इस बार माता-पिता और शिक्षक भी भाग ले सकते हैं और उनके लिए विशेष रूप से डिजाइन की गयी ऑनलाइन गतिविधियों में अपनी प्रविष्टियां सब मिट कर सकते हैं। साथ ही प्रत्येक विजेता को विशेष रूप से डिजाइन किया गया प्रशंसा प्रमाण पत्र भी मिलेगा। विजेताओं में से छात्रों के एक समूह को प्रधानमंत्री के साथ सीधा संवाद करने का और और उनसे सवाल पूछने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक ऐसा माहौल तैयार करने का है, जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व को सराहा जाये, प्रोत्साहित किया जाये।

'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक के माध्यम से प्रधानमंत्री ने शिक्षा के लिए एक नया दृष्टिकोण पेश किया है। इसमें छात्रों के ज्ञान और समग्र विकास को प्राथमिकता दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से परीक्षा को अनावश्यक तनाव और दबाव से जीवन-मृत्यु की स्थिति बनाने के बजाय इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखने का आग्रह किया है।

## एनएच 18 फोरलेन पर बालू लदे दो हाइवा की टक्कर

# तीन की मौत, एक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** मनोहर कॉलोनी की समीप एनएच 18 फोरलेन पर बालू लदा दो हाइवा की टक्कर में बुधवार की अहले सुबह तीन की मौत हो गयी। साथ ही एक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घाटशिला पुलिस घटनास्थल पहुंच कर दो मृतक और एक घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। दूसरे हाइवा में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मृतक सनोज कर्मकार राजनगर थाना क्षेत्र और घायल विकास कर्मकार भी राजनगर बटुझोरा का निवासी बताया जा रहा है। मृतक पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी का रहने वाला है। एक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। मृतक पवित्र कर्मकार के पिता शत्रुघ्न कर्मकार ने बताया कि उसका बेटा रात लगभग एक बजे टाटा से चेचिस लेकर आया था। इस दौरान उसे पता चला कि उसके मित्र का हाइवा खराब हो गया है। उसे टॉर्च दिखाने के लिए गया। इतने में पीछे से तेज रफ्तार आ रही बालू लदा हाइवा बालू लदा पीछे से टक्कर मार दिया। इसी दौरान इकलौते पुत्र पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू और सनोज की मौत हो गयी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
04

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पूर्व कृषि मंत्री और पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर से 24 अकबर रोड नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान योगेंद्र साव ने प्रभारी को बधाई दिया साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती पर भी वार्ता कीया । आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने की भी बात की गयी। योगेंद्र साव द्वारा बड़कागांव विधानसभा की समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया जिसमें विस्थापन आयोग का गठन करना, स्थानीय नीति, और आंदोलन के दौरान हुए मुकदमो का निष्पक्ष जांच करने से संबंधित बातचीत हुई दोनों के बीच हुई मुलाकात के दौरान पार्टी को मजबूती प्रदान करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने का भी विचार विमर्श हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री ने प्रभारी को गुलदस्ता भेंट कर जल्द झारखंड आने का न्योता दिया ।

## हजारीबाग पुलिस के लिए उपलब्धि भरा वर्ष रहा 2023

# एक साल में 29 नक्सली पकड़ाये, 26 हथियार और 64 गोली बरामद

**एनडीपीएस एक्ट में 72 की हुई गिरफ्तारी, 36 साइबर अपराधी पकड़ायें**

दीपक सिंह





**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस के लिए वर्ष 2023 उपलब्धियों भरा रहा है। एक वर्षों में हजारीबाग पुलिस ने जहां कई बड़े कांडो का उद्भेदन किया है वहीं कई बड़े नक्सली और क्रिम्नल को जेल भेजने में सफलता पाई है। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने पत्रकार के साथ एक वर्ष की उपलब्धियों को शेयर करते हुए बताया की 1 जनवरी 2023 से लेकर 27 दिसंबर 2023 तक हजारीबाग पुलिस ने नक्सलियों का कमर तोड 29 नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। जिनमें टीपीसी के 14 नक्सली, एमसीसी के 1 नक्सली, जेजेएमपी के 3 नक्सली के अलावा 11 गैंगस्टर शामिल हैं। साथ ही 26 हथियार, 64 पीस गोली, 54 डेटोनेटर, 1 देशी बम और 7 जिलेटिन भी जब्त किये हैं। इसके अलावा साइबर क्राइम करने वालों पर नकेल कसने में भी हजारीबाग पुलिस सफल रही है। इसमें 59 कांड दर्ज कर 36 साइबर अपराधियों को जेल भेजने में सफलता पायी है। एनडीपीएस एक्ट के तहत 44 कांड दर्ज कर 72 की गिरफ्तारी एक वर्ष के भीतर हुई है। जिसमे 197 किलो गांजा, 86 किलो अफीम और 377 किलो ब्राउन शुगर भी जब्त किया गया है। शराब कारोबारियों के खिलाफ 23 मामले दर्ज कर 27 लोगों को जेल भेजा गया है। जबकि कोयला कारोबार करने वालों के विरुद्ध 101 मामला दर्ज कर 73 की गिफ्तारी की गयी है। साथ ही 1317 टन कोयला और 115 वाहन भी जब्त किया गया है। वहीं अवैध बालू के कारोबार के विरुद्ध 91 मामले दर्ज कर 43 की गिरफ्तारी हुई है। इसमें 93 वाहन भी जब्त हुए है। इन सबों के अलावा हजारीबाग पुलिस ने 27 अपराधियों को आजीवन कारावास, जबकि 2 व्यक्तियों को 20 वर्ष की सजा, 4 व्यक्तियों को 15 वर्ष की सजा और 2 व्यक्तियों को 12 वर्ष की सजा दिलाने में सफलता पायी है। इन सबों से इतर जिला में अन्य मामलों में 1843 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। एक वर्ष में 5275 कांड दर्ज किये गये है वहीं 5751 कांड का निष्पादन भी किया गया है। 127 गुम मोबाइल को बरामद कर उनके असली मालिक तक पहुंचाया गया है। सबसे बड़ी सफलता हजारीबाग पुलिस के लिए आम जनों के सहयोग से ऐतिहासिक रामनवमी के साथ होली, मुहर्रम, ईद बकरीद जैसे पर्व को शांति और सौहार्द वातावरण में सफल करवाना भी शामिल है। हजारीबाग जिला में प्रोन्निति के मामले में कुल 14 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक में तथा 42 सहायक अवर निरीक्षक को पुलिस अवर निरीक्षक के रूप में प्रोन्नित दी गयी है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, विष्णुगढ़ डीएसपी अनुज उरांव, प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने अलाव जलाने की मांग की

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ में आजसू कार्यकर्ताओं ने बढ़ते ठंड को देखते हुए अंचलाधिकारी रामबालक कुमार को आवेदन देकर प्रखंड के सभी पंचायतों, सार्वजनिक स्थलों और चौक चौराहे में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। आवेदन में भेलवारा पंसस सह आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि ठंड का प्रकोप पिछले कुछ दिनों से काफी बढ़ गया है। प्रखंड में शीतलहर जारी है। खास कर मजदूर व गरीब तबके के लोगों को इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आयेगी। वर्षा का भी अनुमान है। ऐसे में प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से गरीब तबके के लोगों को परेशानी होगी। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में अधिकांश लोग कमजोर वर्ग के हैं, जो मजदूरी और खेती पर आश्रित है। कपड़े व अन्य आवश्यक संसाधनों के अभाव में उन्हें जाड़े का यह मौसम गुजारना काफी कठिन साबित होता है। ठंड के मौसम में गरीबों को मात्र अलाव का सहारा ही होता है। जिसके सहारे वे किसी प्रकार रात गुजार लेते हैं। इसलिए जगह जगह अलाव व्यवस्था कराने की आग्रह करते हुए कहा कि बढ़ रही ठंड को देखते हुए अलाव ही गरीबों और राहगीरों का सहारा है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रूपेन्द्र पटेल, सतीश राम आदि उपस्थित थे।

## वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज, हजारीबाग के तत्वाधान में संचालित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज के द्वारा वार्षिक खेल-कूद सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, खेल प्रशिक्षक तापस चक्रवर्ती, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ.भोला सिंह, जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य शंभू कुमार, परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी उमेश ठाकुर, नीलिमा कुजूर, रत्नेश कुमार, कटकमसांडी +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शिखा खाखा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगिण विकास होना है। महाविद्यालय सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुउद्देशीय परियोजनाओं को समय-समय पर संचालित करती रहती है, इस बार भी महाविद्यालय ने 6 दिन का कार्यक्रम रखकर खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ रंगोली, मेंहदी, फोटोग्राफी, समूह नृत्य, कवि सम्मेलन, भाषण प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने चढ-बढ़कर अपनी भागीदारी को सुनिश्चित किया। सभी विधाओं का परिणाम इस प्रकार है। मंच संचालन दीपेंद्र कुमार और काजल कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का योगदान रहा।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर और बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण, अनुज्ञप्ति क्षेत्र पर प्रदूषण नियंत्रण हेतु जांच को विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर और बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी आपस में अलग-अलग टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलायेंगे। उन्होंने कहा कि बिना चालान के खनिज परिवहन, अवधि समाप्त परिवहन चालान, गलत चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए नियमित रूप से कार्रवाई करें। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, वन प्राणी आश्रयणी के वन प्रमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## अभिलाष साहू के आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के द्वारा बरही विधानसभा स्तरीय सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम आयोजित की गयी। जिसमें प्रदेश से लेकर जिला स्तर के कई पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस सह ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिलाष साहू आगमन पर बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर प्रदेश ओबीसी के अध्यक्ष और अन्य वरीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के समक्ष ओबीसी उपाध्यक्ष जमुना यादव ने ओबीसी का अलग से मंत्रालय बनाया जाने की बात रखी, जिससे ओबीसी के हितों के लिए कार्य करें। स्वागत कार्यक्रम में विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड कांग्रेस कमेटी, उपाध्यक्ष जमुना यादव, प्रखंड कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, मंजीत यादव के साथ कई कांग्रेसी शामिल रहे।

## अवैध जुआ का खेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** अगर आप जुआ के शौकीन है और लाखों रुपये जितने और हारने का शौक रखते हैं तो बड़े-बड़े शहर के कसीनो में जाने की आवश्यकता नहीं है आपको वह सभी सुविधाएं बड़कागांव में मिल जायेगा। चुकी बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत के मलडी जंगल में सारे सुख सुविधा उपलब्ध करा कर अवैध जुआ का अड्डा चलाया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी अवैध जुआ का अड्डा किसके संरक्षण में पर चल रहा है। बताते चले कि प्रखंड के नापो खुद पंचायत के मलडी होटल के आगे जंगल में जुवारियो के लिए नाश्ता, पानी, दारू, मुर्गा सहित सभी सुख सुविधाओं के साथ जुआ का खेल कराया जा रहा है। लोग बताते हैं कि इस जुआ अड्डा में जो भी जारी खेलने के लिए आते हैं उन लोगों के लिए चाय नाश्ते और दारू मुर्गे की व्यवस्था मल्टी होटल में किया जाता है। इस जुआ के अड्डे में प्रखंड के बड़े-बड़े जुवारी पहुंचकर एक बार में लाखों रुपये का सट्टा लगाकर जुआ खेलते हैं। इस हुए के अड्डे के कारण बड़कागांव प्रखंड के कई परिवारों में आए दिन गहने जेवरात बिकने के साथ-साथ परिवारिक लड़ाई झगड़ा की बात आती रहती है। अब सवाल उठता है कि अगर इस अवैध धंधे को जल्द से जल्द समाप्त नहीं किया जाये तो बड़कागांव के नौजवान इस जाल में फंसकर अपने घर परिवार को बर्बाद कर लेंगे। वहीं सूत्रों की माने तो इस जुआ के अड्डे को संचालित करने के लिए प्रखंड के प्रखंड के अधिकारियों से लेकर अन्य जगहों पर भी मंथली नजराना पेश किया जाता है। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे इस तरह का की कोई जानकारी नहीं है जानकारी मिलते हैं जांच कर कार्रवाई किया जायेगा।

## कौलेश्वर गंझू को आजसू प्रखंड कमेटी ने सम्मानित कर दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऊरेज गांव निवासी पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझू को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निदेशानुसार केन्द्रीय सचिव बनाए जाने बड़कागांव प्रखंड आजसू प्रखंड कमेटी ने उनके उरेज स्थित आवास में पहुंचकर फलदार पेड़ देकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर बधाई दी। इस मौके पर आजसू पार्टी के नवनिर्वाचित केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू ने कहा की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का शुक्रगुजार हूं कि मुझे इस काबिल समझा और पार्टी में इतना बड़ा स्थान मुझे दिया है। मैं इस पद और गरिमा को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। वहीं पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि हम सभी प्रखंड वासियों के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है कि हम प्रखंड वासियों के बीच से केंद्रीय सचिव बनाकर हम सबों का मान सम्मान को बढ़ाया है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहा कि कोलेश्वर गंझू की केंद्रीय सचिव बनाये जाने के बाद विधानसभा क्षेत्र में आजसू पार्टी को और भी मजबूती मिलेगा और आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव में आजसू के प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी को विजय बनाकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजा खान, संदीप कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, तुलेश्वर राम, नागेश्वर तुरी, सुरेश दांगी साहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अहिवरण जयंती पर निकली शोभा यात्रा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अहिवरण जयंती को लेकर मोदी वर्णवाल समाज ने शहर में बाइक रैली सह शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवरण वंशज के जिला अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने की। रैली की शुरूआत चोवा राम मोदी धर्मशाला गांधी स्कूल रोड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, समाज सेवी पंकज वर्णवाल, विष्णु वर्णवाल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सुनील वर्णवाल, इश्वरदेव मोदी व सुभाष मोदी शामिल थे। रैली में नन्हीं वर्णवाल ने बुलेट चलाते हुए शहर में भ्रमण किया जो आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। शोभायात्रा के प्रोजेक्ट निदेशक विकास वर्णवाल की देखरेख में शालीनता व अनुशासन के साथ गंतव्य स्थान पर संपन्न हुआ। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोविंद मोदी, डॉ बीएन पी वर्णवाल, सचिव पंकज वर्णवाल, बलदेव मोदी, राजेंद्र मोदी, प्रदीप सुमन, अजीत वर्णवाल, अजय बर्णवाल, रोहित कुमार, साहिल मोदी, पल्लव वर्णवाल, विकी बर्णवाल, संजीव कुमार, वरुण मोदी, पंकज बर्णवाल, अवधेश मोदी, रंजीत बर्णवाल, उमेश बर्णवाल, मनोज मोदी, भुनंदन मोदी, मोनू वर्णवाल, नीरज कुमार, विनोद मोदी, विक्रम कुमार, अमित वर्णवाल, विशाल वर्णवाल, सकलदेव कुमार उपस्थित थे।

## सिंघरावां में घर से 64 पेटी शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता





**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के सिंघरावां में उत्पाद विभाग ने एक घर से अवैध विदेशी शराब के 64 पेटी बरामद किया। इस संबंध में उत्पाद एसआइ प्रदीप करमाली ने बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशानुसार प्रखंड के सिंघरावां में एक कमरे की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान इंपीरियल ब्लू विहस्की 375 एमएल का 35 पेटी, मैक डोवेल्स न 1 व्हिस्की 375 एमएल का 25 पेटी तथा रॉयल स्टैग का 375 एमएल व्हिस्की का 4 पेटी (कुल 576लीटर) अवैध विदेशी शराब शराब बरामद किया गया। विभिन्न ब्रांड के कुल 64 पेटी अवैध विदेशी शराब को विभाग ने जप्त की है। वहीं घटनास्थल से एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की पहचान सूचीत कुमार के रूप में हुई है। जिसे खबर लिखे जाने तक जेल भेजे जाने की तैयारी उत्पाद विभाग कर रही थी। वहीं उत्पाद विभाग के एसआई प्रदीप करमाली ने कहा कि जांच के क्रम में इस अभियोग में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वाद दर्ज किया जा रहा है। बता दें कि चौपारण के कई क्षेत्रों से अवैध तरीके से देशी और विदेशी शराबों की तस्करी बिहार सहित क्षेत्र के विभिन्न दुकानों में अवैध रूप से हो रही है। पूर्व में भी उत्पाद विभाग प्रखंड के कई जंगली क्षेत्रों में नकली शराब बनाने के कुटीर उद्योग का भी भंडाफोर जहां से बड़े पैमाने पर स्प्रिट, विभिन्न कम्पनी के रैपर, ढक्कन सहित शराब बनाने में प्रयुक्त अन्य चीजें भी बरामद कर चुकी है। पिछले दिनों भगहर पंचायत में बड़े पैमाने पर उत्पाद विभाग झारखंड बिहार के संयुक्त कार्रवाई में दर्जनों भट्टियो को नष्ट कर भारी मात्रा में जावा महुआ को बरामद किया गया था।

## बीडीओ ने बांटे कंबल



**केरेडारी (आजाद सिपाही)। भीषण ठंड को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने जरूरतमंद लोगों के बिच कम्बल का वितरण कियो वितरण के अवसर पर बीडीओ अमित कुमार ने कहा की क्षेत्र में भीषण शीतलहरी को ध्यान में रख कर जरूरतमंद व नि:सहाय लोगों के बिच कंबल का वितरण किया जा रहा है। आने वाले समय में वैसे लोग जिन्हें अब तक कम्बल नहीं मिल पाया है उन्हें भी जल्द ही कंबल मुहैया किया जायेगा। इस अवसर पर बिडिओ अमित कुमार के अलावे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार शर्मा व प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मी मौजूद थे।**

## हरली में जतरा मेला का आयोजन



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरली में बुधवार को जाताराही टांड में जतरा मेला का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष पौष मास के प्रतिपदा तिथि को लगाया जाता है। मेला का आयोजन का मुख्य रूप से इस तिथि को इसलिए किया जाता है कि कृषक अपने खरीफ फसल के उत्पादन के पश्चात खुशी के रूप में मंनाते थे। मेला में पारम्परिक और हस्त निर्मित औजार व वस्तु मुख्य रूप से कार्य बिक्रय किया जाता है। जिसमें मुख्य रूप से घरेलु उपयोगी वस्तू जैसे बर्तन, कृषि उपकरण आदि शामिल रहता है। इस मेला के संदर्भ में बताया जाता है कि प्रारम्भ में इस मेला में वस्तु विनिमय के माध्यम से क्रय बिक्रय किया जाता था। समय परिवर्तन के साथ साथ मेला के स्वरूप में परिवर्तन होता गया। अन्य राज्यों से वस्तु बेचने आते है व्यपारी - इस मेला में स्थानीय व्यापारियों के अलावे बंगाल के झालदा, पुरुलिया, देवघर, पश्चमी सिंघभूम के व्यापारी अपने पारंपरिक व हस्त निर्मित सामानों को बिक्री के लिए आते है। झालदा, पुरीलिया के औजार की बिक्री काफी होती है। मेले में मनोरंजन के लिए झूला, मउसी मॉक झूला भी लगा हुआ था। इसमें बच्चों ने खूब आनंद लिया। इसके अलावे चाट, चौमिन, गोलगप्पे आदि स्टाल पर काफी भीड़ थी। मेले के सफल आयोजन में अध्यक्ष दिलीप कुमार, सचिव प्रकाश प्रसाद, चुरामन देव, राजू प्रसाद, कैलास विश्वकर्मा, देवनारायण प्रसाद, रवि कुमार, अशोक राम सहित कई लोग शामिल थे।

## विधायक अमित कुमार ने सदन में उठाया दूधी नदी पर पुल बनाने का मुद्दा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के पांचवे दिन चंदवारा प्रखंड के कांको पंचायत अंतर्गत ग्राम गवनपुर और गरयांडीह के दूधी नदी पर पुल निर्माण हेतु समस्या को सदन में सरकार के समक्ष रखकर पुल निर्माण का मांग किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा उक्त नदी पर कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखंड के कांको पंचायत ग्राम गवनपुर और गरयांडीह के दूधी नदी पर पहले पूर्व से जो पुल बना हुआ था। वह लगभग 30-35 वर्ष पुराना पुल था। जो कुछ महीने पहले लगातार अधिक बारिश होने की वजह से टूट गया था। यहां पर जो सैनिक स्कूल है, कोडरमा (बॉझेडीह) पावर प्लांट है, तिलैया डैम है उसका रास्ता अवररुद्ध हो गया है। उन्होंने कहा सभी विधायकों को जो हमे कोटा में पुल मिलता है, मेरा जो पुल टेंडर में होने जा रहा था उसको हमने ब्रेक कराया क्योंकि हमारे लिए यह पुल पहली प्राथमिकता है। विधायक अमित कुमार यादव का सवाल के जवाब में सरकार द्वारा कहा कि उक्त पुल निर्माण को लेकर डीपीआर प्राप्त हो गया है। प्रतिवेदन मिलने के पश्चात प्राथमिकता के आधार पर आगे की कार्रवाई किया जायेगा।

# भाकपा माओवादीयों ने पूर्व वार्ड सदस्य की गला रेतकर की हत्या

बंटी मिश्र

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के सीमावर्ती प्रखंड गोमिया के उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के दनरा गांव के एक पूर्व वार्ड सदस्य की पुलिस मुखबिरी के आरोप में भाकपा माओवादियों ने हत्या कर दी है। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार की देर शाम गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटे पंचायत के दंडरा गांव निवासी सुखराम मांझी 35 वर्ष की हत्या कर दी गयी है। उसका शव उसके घर से कुछ दूर वन विभाग के आवास के निकट फेंक दिया गया है। घटना मंगलवार शाम के लगभग साढ़े सात बजे की है। बताते हैं कि सुखराम मांझी अपने घर की दुकान पर था। गांव के कुछ लोग भी वहां थे अचानक माओवादियों का एक ग्रुप पहुंचा और सुखराम मांझी को पकड़ लिया और गला में रस्सी लगाकर घसीटते हुवे कुछ दूरी पर ले गये व गला रेत कर उसकी हत्या कर दी गयी। माओवादियों ने इस दौरान नारा लगाया कि पुलिस की मुखबिरी और एसपीओ बनना बंद करो। जो भी पुलिस की मुखबिरी करेगा, उसका यही हाल होगा। माओवादियों ने घटना को अंजाम देने के बाद वहां पर्चा भी छोड़ा। पर्चा में सुखराम मांझी पर पुलिस का एसपीओ बनने का आरोप लगाया गया है।

सुखराम का पिता दिब्याग है बहन व पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। दंडरा गांव झुमरा पहाड़ की तलहटी पर बसा पूर्व से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है। इस घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## लायंस क्लब ने मरीजों को भेजा निरामया अस्पताल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शिविर में पाये गये 15 में से 6 मोतियाबिंद मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए बुधवार को रांची स्थित निरामया अस्पताल भेजा। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने मरीजो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया की इनसभी मरीजों का पैथोलॉजिकल के सनी नायक द्वारा नि:शुल्क ब्लड शुगर जांच किया गया। जिसके बाद 6 मरीजों को आंखों के ऑपरेशन लिए निरामया अस्पताल रांची भेजा गया है। जहां 28 दिसंबर को इनका ऑपरेशन होगा। वहीं 29 दिसंबर को इनकी घर वापसी होगी। इन सारी प्रक्रियाओं को सफल बनाने में लायन मोहम्मद मुमताज, राजेंद्र महतो, अखिलेश शर्मा, अशोक सिन्हा, विजय वर्णवाल, शिवा प्रसाद, राजेश अग्रवाल, विजयंत कुमार, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम के तहत जिला टीबी फोरम की बैठक

# टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी का करें प्रचार: चंदन कुमार

**टीबी मुक्त रामगढ़ किताब का डीसी ने किया विमोचन**

**टीबी रोग और इसके उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम को लेकर जिला टीबी फोरम की बैठक बुधवार को आयोजित की गयी। बैठक में डीसी चंदन कुमार उपस्थित थे।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित हो। इसके लिए टीबी रोग व इसके उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त निर्देश के आलोक में टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी कार्यक्रम चलाया जाना है। जिसके तहत कारखानों में कार्यरत कर्मियों को टीबी रोग व इसके उपचार के प्रति जागरूक किया जाना है।

### टीबी जांच शिविर आयोजित करने का दिया निर्देश



बैठक में डीसी चंदन कुमार ने विभिन्न कारखानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और अन्य संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने और कारखाने में कार्यरत कर्मियों के लिए नियमित रूप से टीबी जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं टीबी रोग को जड़ से खत्म करने और 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने सभी से टीबी रोग के पहचान और इसके उपचार में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने टीबी रोग से स्वस्थ हुए मरीजों से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिले लाभ की जानकारी ली। वहीं उन्होंने टीबी रोग से स्वस्थ हुए मरीजों को भी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को रोग से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने और रोग से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई लक्षण दिखने पर त्वरित अपनी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

## चतरा की खबरें

### अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने लिया पदभार



**सिमरिया/ चतरा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया अनुमंडल के 8 वें अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में आज सन्नी राज ने निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास से अनुमंडल कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि विधि व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता है। विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। अपने कार्यकाल में अनुमंडल को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयास रहेगा। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यालय कर्मी से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने उपायुक्त अबु इमरान व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से पौधा भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया।

### आजादी के बाद भी गांव तक पक्की सड़क नहीं



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के ग्राम दारी, सलगी के लोग आज भी आजादी के 76 साल के बाद भी कच्ची सड़क से ही आना जाना करते है। नवादा पंचायत भवन से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित दारी, सलगी गांव बसा है। इस गांव में सरकारी सुविधा का अभाव है। यहां के लोगो के बीमार हो जाने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि इन दोनों गांव की महिला पुरुषों की आबादी लगभग पांच हजार की है। जबकि इस आबादी में 75 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के लोग रहते है। बरसात के दिनों में पक्की सड़क नहीं रहने के कारण गांव टापू में तब्दील हो जाता है। जिसके कारण बाइक व साइकिल से चलना मुश्किल हो जाता है। जिसके कारण ग्रामीण पैदल चलने के लिए विवश हो जाते हैं। स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भी स्कूल तक जाने के लिए सड़क नहीं रहने के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

## सपोर्ट पब्लिक स्कूल मांडू को सीबीएसइ से मिली मान्यता, क्षेत्र के बच्चों में हर्ष



**मांडू (आजाद सिपाही)।** सपोर्ट पब्लिक स्कूल मांडू को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से मान्यता मिलने से मैट्रिक के छात्र-छात्राओं में काफी हर्ष है। अब स्कूल के विद्यार्थी विद्यालय से ही रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। यह विद्यालय में वर्ष 2018 से पठन पाठन का कार्य शुरू किया गया था। इसमें कक्षा प्ले से 10 वीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कंप्यूटर और खेल-कूद की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ बीएस गुप्ता ने बताया कि आगामी सत्र से मैट्रिक के विद्यार्थी अपने विद्यालय से ही रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। अभी मैट्रिक तक की मान्यता मिली है, अगले वर्ष प्लस टू तक की मान्यता हेतु आवेदन दिया जायेगा। जिससे विद्यालय के विद्यार्थी प्लस टू तक की पढ़ाई कर सकेंगे।


## कार्यपालक अभियंता ने कार्यस्थल का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरातू मेन रोड शहीद भगत सिंह चौक से दक्षिण नागेश्वर मुंडा प्रस्तावित रेलवे लाइन तक प्रस्तावित दस फीट गहरा नाला सलैप निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के पूर्व बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता नीरज मिश्र ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस मामले को लेकर उन्होंने सड़क के शुरू से लेकर अंत तक पैदल चलकर मुआयना किया। मालूम की पतरातू मुखिया के द्वारा उपयुक्त रामगढ़ को पत्र के माध्यम से जल जमाव के निदान के लिए पत्राचार किये थे। इस मौके पर विभाग के सहायक अभियंता प्रीतम मोदी, पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार, नीरज झा, अमितेश सिंह, अशोक पाठक, अब्दुल कयूम अंसारी, सुजीत गुप्ता, सुभाष साहू, सुमित कुमार पाठक, लक्ष्मी स्वर्णकार सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# यूसीडब्ल्यू संगठन का मिलन समारोह आयोजित

**मिलकर रहो, अपने को मजबूत करो तभी संगठन को मजबूत रहेगा: नमेंद्र**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सीसीएल केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ के नइसराय स्थित स्टाफ क्वाटर परिसर में बुधवार को यूसीडब्लुयू संगठन के तत्वाधान में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि यूसीडब्लुयू संगठन के महामंत्री सह एआइटीयूसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार उपस्थित हुए। इस समारोह का संचालन रवि शंकर ने किया। इस दौरान बैठक में रमेंद्र कुमार ने मजदूरों के समस्याओं और संगठन विस्तार पर अभिभाषण दिया। यूसीडब्लुयू नईसराय टीम को आशीर्वचन देते हुए कहा कि भारत सरकार ने जिस कानून को बनाया है। नई सराय अस्पताल में लागू नहीं है। यानी सफाई कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलता है। इस लिए मामले को उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मिलकर रहो, अपने को मजबूत करो तभी हम सब मिलकर संगठन को मजबूत कर पायेंगे। वही, समारोह के दौरान उपस्थित नइसराय हास्पिटल के कर्मचारियों ने रमेंद्र कुमार के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें मुख्य रूप से 20 वर्षों से कैंटगरी-1 (जनरल मजदूर) के पद पर कार्यरत मजदूरो का अभी तक प्रमोशन नहीं हुआ, न्यूनतम वेतन भुगतान सेंट्रल हॉस्पिटल में लागू नहीं है, मेन पावर बजट का अवलोकन नहीं हो पा रहा है, सभी समस्याओं पर रविंद्र कुमार ने कहा कि यह सब मांगे रांची सीएमडी के पास रखा जायेगा और आपकी समस्याओं का पूर्ण रूप से समाधान किया जायेगा।

### कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

**इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित इस मौके पर विंध्यांचल बेदिया, नरेश मंडल, अशोक यादव, विकास कुमार, ललित नारायण राय, लव मिश्रा, ओमप्रकाश यादव, गणेश करमाली सहित कई सदस्य शामिल थे।**

## मणिपाल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भरेचनगर स्थित मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का बुधवार को भव्य समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टीम हेड द्वारा मशाल के साथ प्रतिभागियों ने दौड़ लगाकर की। महोत्सव में वर्ग पांचवी से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने खेल मैदान में उत्साह पूर्वक विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। अंतिम दिन बैडमिंटन, खो-खो, क्रिकेट, लम्बी कूद, ऊंची कूद, स्किपिंग, जबलीन थ्रो, शॉट फुट, कबड्डी खेल के सफल प्रतिभागियों को विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने प्रमाण पत्र, ट्रॉफी व मेडल देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक गया प्रसाद राय ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। बच्चों को खेलने के साथ-साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का भव्य समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाए, कर्मचारी और विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा।

# केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**केंद्र की संकल्प यात्रा का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को जागरूक करना : राकेश प्रसाद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** केंद्र सरकार व पीएम नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ बुधवार को करमा में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के बीस सूत्री पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शक्ति कुमार एवं संचालन भाजपा नेता राजेंद्र कुशवाहा ने किया। मौके पर राकेश प्रसाद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में आम जनों को जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भाजपा शासित केंद्र सरकार व पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। जो आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पीएम स्वनिधि आदि जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के बारे मे लोगो को जागरूकता बढ़ाने व उनके कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए पूरे देश में चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ करमा में भी किया गया। कहा कि यात्रा का उद्देश्य केवल अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उनका विकास करना शामिल है। वही, मौजूद कई वक्ताओं ने भी इस यात्रा के बारे में जानकारी दी। साथ ही, आम जनों ने संकल्प यात्रा के तहत 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान आइइसी वाहन के जरिए जागरूकता के तहत केंद्र सरकार के जारी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। वही, कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ के अधिकारियों ने भी जैविक कृषि के तहत खेती करने की जानकारी दी। इस दौरान कई लोगों के बीच उज्जवला योजना के तहत गैस- चूल्हा सिलेंडर का वितरण किया गया। साथ ही, निःशुल्क जांच शिविर के दौरान कई मरीजो ने अपना जांच कराया। कार्यक्रम में रंजीत सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, रामगढ़ नप भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरी, प्रदीप शर्मा, हरिशंकर बिहारी, इंद्रदेव ठाकुर, लक्ष्मण साह, संजीव बावला, सुखदेव सोनी, छोटन प्रजापति शामिल रहे।

## अशोक पाठक को केंद्रीय सदस्य बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत निवासी आजसू पार्टी के अशोक पाठक को केंद्रीय सदस्य बनाये जाने पर आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं व ग्रामीण द्वारा भगत सिंह चौक के समीप फुलमाला पहानाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर आजसू कार्यकर्ताओं ने पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, और बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशन लाल चौधरी को बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई भी बाटी। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि आजसू पार्टी के केंद्रीय कमेटी द्वारा अशोक पाठक को केंद्रीय सदस्य बनाने से पतरातू क्षेत्र मे आजसू पाटी मजबूत होगी। इस मोके पर जिला सह सचिव अजय रवि, बृजेश सिंह, दिलीप सिंह, बिजेंदर मुंडा, दुर्गा साव, बहादुर साव, संतोष गुप्ता, पंकज सिंह, संजय साव, टिनकू कुमार शहीद कई लोग शामिल थे।

## मनोज मांगर बने आजसू के केंद्रीय सदस्य



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नया नगर बरकाकाना निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता मनोज मांगर को आजसू पार्टी का केंद्रीय सदस्य बनाये जाने पर परिजनों सहित पतरातू प्रखंड के पूर्वी जोन व नया नगर बरकाकाना में खुशी की लहर है। आजसू पार्टी के पूर्वी जोन के कार्यकर्ताओं ने मनोज मांगर को केंद्रीय सदस्य नियुक्त करने पर केंद्रीय कमेटी और बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है। परिजनों एवम स्थानीय लोगों ने मनोज मांगर का स्वागत किया है। मौके पर उपस्थित मनोज मांगर ने कहा है कि पार्टी ने जो जिमेवारी सौपी है, उसे बखूबी निभाते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा के जिला अध्यक्ष हरि रत्नम साहू, वरिष्ठ सदस्य सुदर्शन महतो, लव कुमार, अरविंद कुमार, नागेंद्र सोनी, उदय प्रताप नारायण सिंह, दीपक शर्मा, मोहम्मद आशिक, हैप्पी मांगर, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, बसंत सिंह, जीतू पांडेय आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर अक्षत देकर किया आमंत्रित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी और कोषाध्यक्ष अवदेश कुमार ने बुधवार को रामगढ़ कॉलेज स्थित पंचवटी सोसायटी के अध्यक्ष अनिल गोयल को अयोध्या से भेजी गयी। पूजित अक्षत और पत्रक के साथ श्री राम जी की चित्र भेंट कर आमंत्रित किया गया। मौके पर डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा 500 वर्षों के बाद विराज रहे रामलाल हम सभी के लिए हर्ष का विषय है, 22 जनवरी को हर घर, मोहल्ले, मंदिरों को सजाना और पूजन उत्सव मनाना है। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव के साथ श्री राम का स्वागत करना है, इसके लिए हर घर दीपोत्सव मना कर श्री राम सहित सपरिवार का स्वागत में जुट जायें। उन्होंने कहा सनातन धर्म में अक्षत देकर आमंत्रण करने की परंपरा पुरानी है और इस परंपरा को पुनः सनातन दोहराना है। इसी के तहत हर घर अक्षत के साथ आमंत्रित किए जा रहे हैं राम भक्त। इस अवसर पर विनोद म्हखरिया, डॉ अशोक चौधरी, डॉ दिलीप कुमार, जितेंद्र पवार, बरुन बगड़िया, सुदीप सरकार, गोबिंदलाल अग्रवाल सहित सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बच्चों ने पतरातू डैम में वनभोज का लिया आनंद



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे निदेशक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को वनभोजन के लिए पतरातू डैम रवाना हुए। इसमें शामिल नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी से लेकर कक्षा 1, 2, 3, 4, और 5 के बच्चों के लिए फन और मस्ती से भरा दिन रहा। बच्चों ने बगीचे में लगे विभिन्न झूलो का आनंद लिया। इसके बाद हरी घास के लोन पर फिजिकल गेम दौड़, खो-खो, रेलगाड़ी आदि खेलों का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खूबसूरत पतरातु डैम पार्क में पिकनिक का जमकर आनंद उठाया। साथ ही एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन का भी लुत्फ उठाया। मौके पर निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा की मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और आसपास के माहौल के साथ तालमेल बैठाने में ऐसी एक्टिविटी लाभदायक सिद्ध होती है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ दूसरी करिकुलम एक्टिविटीज में भी उनके सहभागिता रहती है। उन्होंने कहा की संस्था की ओर से पढ़ाई के साथ-साथ पिकनिक अलग ब्रेक देने का प्रयास था। वनभोजन में संस्था के शिक्षक संतोष कुमार, शिक्षिका उर्मिला कुमारी, नमिता मिश्रा, भूमि कुमारी, मानसी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी सहित दर्जनों बच्चे शामिल हुए।

### मांडू प्रखंड की 36 पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# 14 हजार आवेदन का हुआ निष्पादन

दीपक कुमार



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड के 36 पंचायतों में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने कुल 29 हजार 6 सौ 42 आवेदन जमा किया है। इसमें करीब 14 हजार आवेदन का निष्पादन हुआ। प्रखंड में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए 14 हजार 1 सौ 39 आवेदन पड़े हैं। कार्यक्रम में आधार पंजीकरण के लिए 37, मनरेगा के तहत नए कार्य के लिए 982, 15 वे वित्त आयोग के लिए 5, आयुष्मान कार्ड 1343, बिरसा कूप योजना के लिए 204, कंबल वितरण 6089, जाति प्रमाण पत्र 779, आधार कार्ड मे संशोधन 226, मृत्यु प्रमाण पत्र संशोधन 1, ऑनलाइन भू अभिलेखों में सुधार 10, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 419, राजस्व अभिलेखों में संशोधन 1, धोती साड़ी लुंगी वितरण 1381, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना 1153, आय प्रमाण पत्र 706, बिजली संबंधी समस्या 1, केसीसी 62, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 738, अन्य 540, संपति भू मापी 3, संपति भूमि म्यूटेशन 12, लगान रसीद 100, सर्वजन पेंशन योजना 131, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 335 और श्रमाधन पोर्टल नया पंजीकरण के लिए 245 आवेदन पड़े है।

### अबुआ आवास योजना लाभार्थियों के चयन के लिए बनी कमेटी

**प्रखंड के 36 पंचायतों में अबुआ आवास योजना लाभार्थियों के चयन के लिए कमिटी बनाई गई है। इसमें लाभुकों का चयन मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सुपरवाइजर और पंचायत सचिव संयुक्त रूप से करेंगे। मालूम हो कि अबुआ आवास योजना के लिए 14139 आवेदन ग्रामीणों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा किया है।**

## जवाहर पंचायत में विशेष ग्रामसभा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर पीरामल फाउंडेशन रामगढ़ के तत्वावधान में बुधवार को जवाहर नगर पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में सबकी योजना सबका विकास और एलएसपीजी थीम के बारे में पीरामल फाउंडेशन की फेलो निशा वर्मा द्वारा ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने जीपीपीएफटी के बारें में भी ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। निशा वर्मा ने कहा की तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत 29 दिसंबर को ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल का गठन किया जायेगा। उन्होंने को ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल के गठन के उद्देश्यों से भी ग्रामीणों अवगत कराया। फेलो निशा वर्मा ने बताया की पीरामल फाउंडेशन वर्तमान में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पंचायत में जागरूकता फैलाने का काम कर रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विकास योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ दिलाना है। मौके पर मुखिया फुलमती देवी, उपमुखिया सुष्मिता सिन्हा, सरिता देवी, जितनी देवी, खुशबू कुमारी, अनिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव, महिला समूह की श्वेता सिन्हा, मानसी मुर्मू, शिवानी देवी, रूपाली सरकार, कलावती देवी, रंजना देवी, राखी देवी, पूजा देवी, सनी देवी, सुलेखा देवी, उर्वसी देवी, पानमती देवी, अंजू देवी, अनिता देवी, बसंती देवी, श्याम कुमार सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

# कश्मीर पर संवेदनशीलता

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का सोमवार को खुद जम्मू के राजौरी और पुंछ सेक्टर पहुंचकर सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेना और सेना के ब्रिगेडियर सहित तीन अफसरों को हटाते हुए तत्काल पूरे मामले की जांच शुरू करना बताता है कि सैन्य नेतृत्व ने हाल की घटनाओं को कितनी गंभीरता से लिया है। पिछले सप्ताह इस इलाके में आतंकवादियों ने जिस तरह से घात लगाकर हमला किया और सेना के चार जवानों की हत्या कर दी, वह तो असहनीय था ही, लेकिन उसके बाद पूछताछ के लिए उठाये गये तीन लोगों का मृत पाया जाना भी कम गंभीर नहीं था। पिछले करीब एक साल की घटनाएं बताती हैं कि इस इलाके में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने इस इलाके में अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार कर लिया है। पिछले सप्ताह की घटना में भी यह मानने के ठोस आधार हैं कि आतंकवादियों को यहां रहने वाले कुछ लोगों की प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद मिली है। इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में सैन्य बलों को बेहद मुश्किल हालात में अपना काम करना होता है और जितनी कुशलता से वे अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, वह सराहनीय है। लेकिन पिछले सप्ताह की घटनाओं को देखें, तो ऐसा लगता है कि इस बार उनसे कुछ चूक हुई है। हालांकि मामले की जांच चल रही है, इसलिए निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी की बजाय जांच रिपोर्ट का इंतजार करना बेहतर होगा। ऐसे मौके पर सेनाध्यक्ष ने जहां जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी चुनौतियों से दृढ़ता से निपटने के उनके जज्बे की तारीफ की, वहीं यह हिदायत भी दी कि वे अभियानों के दौरान पूरी तरह से पेशेवर रवैया अपनायें। यह सलाह बेहद अहम है। जम्मू-कश्मीर अभी नाजुक दौर से गुजर रहा है। अनुच्छेद 370 के इतिहास का हिस्सा बन जाने के बाद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या जहां स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रही है, वहीं नौजवानों को रोजगार के मौके भी मुहैया करा रही है। ऐसे में आतंकवादी तत्व बेसब्री से असंतोष का कोई ऐसा मौका तलाश रहे हैं, जिसका फायदा उठाया जा सके। भूलना नहीं चाहिए कि चाहे अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हो या पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता या फिर गाजा में हमास और इस्राइल की जंग, कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इन सबका प्रभाव पड़ता है। वजह यह है कि यहां से कट्टरपंथी धाराओं का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। चूंकि भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ढाल कश्मीर के लोग ही हैं, इसलिए लोगों का विश्वास बनाये रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा, चाहे सवाल सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता का हो या चुनावी प्रक्रिया की बहाली का।

**जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना का कदम सराहनीय है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का राजौरी और पुंछ सेक्टर में जाना, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना और पूरे मामले की जांच शुरू करना सकारात्मक संदेश देता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश के अनेक प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों में से अपनी खेती-अपना खाद, अपना बीज-अपना स्वाद को ध्येय बनाकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के टड़िया गांव के किसान वैज्ञानिक श्रीप्रकाश सिंह रघुवंशी ऐसे ही देश कुछ गुणे चुने खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर जुटे हुए हैं।**

# कृषि के प्रयोगधर्मियों के नवाचारों का संरक्षण जरूरी

डॉ आरपी शर्मा



**बदलते** परिदृश्य में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी-बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नये प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। कृषि के क्षेत्र में भारत आज अग्रणी देश बन गया है। हालात यह हो गये हैं कि आज गेहूं और धान के निर्यात पर रोक के बावजूद देश के किसानों की ही मेहनत का फल है कि बागवानी और अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर देश निर्यात के नये कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। पर यहां हमें यह नहीं भूलना होगा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण जहां गेहूं, धान आदि के उत्पादन के हालात सेचुरेशन वाले हो गये हैं, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पानी का अत्यधिक दोहन, स्वास्थ्य और सेहत के लिए हानिकारक होता जा रहा है। आज देश जैविक व परंपरागत खेती की ओर बढ़ रहा है। हांलाकि यह भी उपलब्धि है कि दुनिया में हमारा सिक्किम दुनिया का पहले नंबर पर जैविक अनाज उत्पादक प्रदेश बन गया है। खैर इस सबके बीच हमें उन प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों को प्रोत्साहित और उनकी मेहनत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए आगे आना होगा, जो अपनी सीमित साधन, संसाधन और विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद नयी इबारत लिख रहे हैं। सही मायने में देखा जाये तो इन प्रयोगधर्मी अन्नदाताओं की मेहनत व लगन को किसी कृषि वैज्ञानिक से कम नहीं आंका जा सकता।

**सरकार को इन्हें मान्यता देनी चाहिए। केवल पुरस्कारों से कुछ होने वाला नहीं है।**

देश के अनेक प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों में से अपनी खेती-अपना खाद, अपना बीज-अपना स्वाद को ध्येय बनाकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के टड़िया गांव के किसान वैज्ञानिक श्रीप्रकाश सिंह रघुवंशी ऐसे ही देश में कुछ गिने-चुने खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर जुटे हुए हैं। सच ही कहा गया है कि ईश्वर किसी ना किसी तरह से न्याय अवश्य करता है। इसी का जीता-जागता उदाहरण श्रीप्रकाश रघुवंशी है। 23 साल की आयु में बीमारी के दौरान पेनिसिलिन की इंजेक्शन के दुष्प्रभाव से आंखों पर अधिक असर पड़ने के कारण आंखों की परेशानी के कारण खेत और खेती को ही प्रयोगशाला बनाकर श्रीप्रकाश ने जो नवाचार और प्रयोग किये, आज उन्हें संरक्षित करने की अधिक आवश्यकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निकट भविष्य में श्रीप्रकाश को पूरी तरह से दिखाई देना बंद होने की आशंका के अहसास के डर से लग रहा है कि ऐसी विकट स्थिति आयी, तो कृषि क्षेत्र में उनकी शोध यात्रा थम जायेगी। उन्हें चिंता है कि गेहूं, अरहर, सरसों आदि की उनके द्वारा विकसित 'कुदरत' और 'करिश्मा' प्रजाति के बीज और 200 प्रकार के देसी बीजों के खजाने का क्या होगा।

श्रीप्रकाश ने नित नये प्रयोग करते हुए 200 प्रकार की देशी वेरायटी के बीज विकसित किये हैं। इनमें गेहूं की 80 प्रजाति, धान की 20 प्रजाति, अरहर की पांच प्रजाति, सरसों की तीन प्रजाति सहित हमारी जलवायु और वातावरण में अच्छी, जल्दी पकने वाली देशी प्रजातियों को विकसित करने का अहम काम किया गया है। 'गेहूं कुदरत-9' और 'कुदरत-8 विश्वनाथ' लंबी बाली वाला होता है। एक बाली में 80-90 दाने होते हैं। तेज पानी, हवा से पौधा गिरता नहीं। उत्पादन क्षमता 25 से 30 क्विंटल प्रति एकड़ है। दाना मोटा, चमकदार और वजनदार होता होता है। खास बात यह है कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा किये जा रहे दावों को जांचा-परखा गया है और वे गुणवत्ता पर खरे उतरे हैं। देश के कई हिस्सों में खासतौर से यूपी, मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा आदि में 100, 50, 25 ग्राम के सैंपल उपलब्ध कराकर प्रयोग किया गया है और यह प्रयोग सफल रहा है। अब श्रीप्रकाश की चिंता यही है कि इन स्वदेशी बीजों का बैंक बन जाये तो इनका उपयोग, उत्पादन और संरक्षण का काम हो सकेगा। इसका लाभ अंततोगत्वा देश के कृषि क्षेत्र को ही मिलेगा।

श्रीप्रकाश के बहाने यहां चिंतनीय और विचारणीय हालात ये हो जाते हैं कि देश के ऐसे भूमि पुत्रों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाना ही पर्याप्त नहीं है। सम्मान अपने-आप में मायने रखता है, पर इनकी मेहनत और प्रयोग को जब उपादेय माना जाता है, तो उसका संरक्षण और संवर्द्धन किया जाना चाहिए। मेरा मानना है कि केंद्र और राज्य सरकार के कृषि मंत्रालयों को ऐसे नवाचारी, अपनी धुन में मस्त, मानव समाज और कृषि जगत के लिए किये जा रहे कार्यों को पहचान के साथ ही प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि मंत्रालयों में एक अनुभाग ऐसा होना चाहिए, जो केवल ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने, उन्हें सहयोग करने, आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने और परीक्षण के बाद खरे उतरने वाले प्रयोगों को सरकार द्वारा अपने हाथ में लेकर आगे बढ़ाने के प्रयास किये जाने चाहिए। आज किसानों को विदेशों का भ्रमण कराया जाता है। यदि ऐसे नवाचारी भूमिपुत्रों के खेत खलिहान का भ्रमण कराया जाता है, अनुभवों से रूबरू कराया जाता है, तो यह अधिक लाभदायक होगा, इसमें कोई संदेह नहीं किया जाना चाहिए। देखा जाये, तो श्रीप्रकाश तो एक बहाना है। हां, यह अवश्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय को आगे आकर श्रीप्रकाश द्वारा 200 से अधिक विकसित किये गये 20 प्रजाति के बीज बैंक की स्थापना कर संरक्षित करने के लिए आगे आना चाहिए। श्रीप्रकाश के स्वास्थ्य की विपरीत परिस्थिति को देखते हुए संबल प्रदान करना चाहिए।

यह केवल श्रीप्रकाश की ही बात नहीं है। देश के हर कोने में इस तरह के कर्मयोगी मिल जायेंगे। मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के महेंद्र मधुप ने इस तरह के कर्मयोगियों और उनके प्रयोगों को अन्वेषक किसान सहित अपनी पुस्तकों और अनवरत लेखकीय प्रयासों से सामने लाने की पहल की है। सरकार को इन्हें मान्यता देनी चाहिए। केवल पुरस्कारों से कुछ होने वाला नहीं है, अपितु इनकी मेहनत के नवाचारों को विस्तारित किया जाना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार पहले जांचे-परखे, पर जांच-परख के बाद जब उपयोगी सिद्ध होता है, तो फिर सरकार को ऐसे प्रयोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। भले ही विश्वविद्यालयों में अन्य पीठों की तरह इस तरह की नवाचारी प्रयोगधर्मी भूमि पुत्रों के लिए भी पीठ की स्थापना कर आगे आ सकती है। कोरोना के बाद विश्व में नये हालात आये हैं। जलवायु परिवर्तन और तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण नयी परिस्थितियां सामने आ रही हैं। विश्व में आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चेताया जा रहा है। तब इस तरह की पहल की आवश्यकता और अधिक हो जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सरायकेला में चोरों का आतंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** बीते एक महीने में लूट व चोरी की घटना काफी बढ़ गया है। एक तरफ पुलिस अपराधियों के खिलाफ कारवाई में जुटे हुए है वही अपराधी एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों अरुण राणा से लाखो रुपये के जेवरात लूट मामले का अभी पुलिस सुराग भी पुलिस नहीं ढूंढ सकी है और सोमवार को सरेशाम थाना के बाउंड्री से सटे कारोबारी दीपक साहू की बुलेट मोटरसाइकिल अपराधी ले उड़े। घटना के 24 घंटे भी नहीं बीते मंगलवार की रात चोरों ने सरायकेला बाजार में एक ज्वेलरी, एक मिठाई दुकान और दो मंदिरों के दानपेटी तोड़ कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। हालांकि चोरों के हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# डुमरिया वन विश्रामागार के जीर्णोद्धार कार्य का पोटका विधायक ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** झारखंड सरकार के वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा डुमरिया वन विश्रामागार का जीणोर्दार के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को मौके पर क्षेत्र के मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक के द्वारा विश्रामागार का जीर्णोदार के लिए मरामती कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य शंकर चंद्र हेंब्रम, प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, जयपाल सिंह मुर्मू, भगत हांसदा, मनोज मुर्मू, मुखिया सुरेश हेंब्रम, संजय किस्कु, सरकार किस्कु, रामचन्द्र हांसदा, वन क्षेत्र पदाधिकारी मुसाबनी दिग्विजय कुमार सिंह और अन्य झामुमो के गणमान्य नेतागण उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना अंतर्गत मनोहर कॉलोनी के समीप फोरलेन पर खड़े हाइवा को बालू लदे एक हाइवा ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी दी। बुधवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि एक खलासी गंभीर अवस्था में घायल है। घटना की सूचना मिलते ही घाटशिला पुलिस, घाटशिला जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह व झामुमो नेता जगदीश भगत घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से मृतकों व घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। जहां घायल को एमजीएम रेफर कर दिया गया। वही दूसरे हाइवे में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया। मृतक सनोज कर्मकार, राजनगर बटुझोरा व घायल विकास कर्मकार राजनगर बटुझोरा का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं मृतक पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी का रहने वाला था। एक मृतक की पहचान नहीं हो पायी।

# आदर्शनगर के बंद घर से आभूषण की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड स्थित आदर्श नगर में रहने वाले जितेंद्र पांडेय के बंद घर में लाखों के गहने चोरी होने का मामला प्रकास में आया है। बुधवार शाम लगभग 5 बजे परिवार के लोग घर पहुंचने पर सामने का दरवाजा व घर के अंदर अलमारी की तिजोरी खुली पड़ी थी। जानकारी देते हुए जितेंद्र पांडेय ने बताया दो दिन पूर्व सपरिवार अपने भाई के घर इसप्लान बस्ती गये थे। आज घर लौटने पर दरवाजा का ताला सामने से लगा था। लेकिन अंदर के बेलकोणी खुला रहा। साथ हो अलमारी में देखे तो तिजोरी पूरा खुला था। उसके अंदर में रखे लाखो का जेवरात व डब्बा नही मिला। उन्होंने बताया इस संबंध में स्थानीय पुलिस व भाजपा नेता विकास सिंह को इसकी सूचना दी गयी। उन्होंने कहा चोर कहां से प्रवेश किया समझ में नहीं आ रहा लेकिन जब कमरे में प्रवेश किया तो अलमीरा खुला हुआ था। अलमीरा के अंदर बना लॉकर को खोल कर लॉकर में रखें लाखो के गहने चोर लेकर फरार हो गया। वहीं मौके पर विकास सिंह ने कहा जिस तरह से चोरों ने घटना को अंजाम दिया पुलिस जांच में मामला सामने आयेगा। फिलहाल थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी गयी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बढ़ते ठंड को देखते हुए सोनारी खुटाडिह व निर्मल नगर में सांसद विद्युत वरण महतो के सौजन्य से कंबल बितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत प्रधान के नेतृत्व में लगभग 151 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय रजक, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, डाक्टर दिपक घोष, आइटी सेल प्रभारी रमेश प्रसाद साहू, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरिता लाल, शीमा देवी, अनिता देवी, वंटी सिंह, भोला गोराई, लाल सिंह, विजय सिंह, अजय पौद्दार, विक्की सिंह, रवि, बनमाली, संतोष कर्मकार, विभीषण सिंह, दिपक कुमार, लालबाबू, अमित रजक, एवं बस्ती के सम्मानित गण उपस्थित रहे।

# तुषार की हत्या के विरोध में दुकानें बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीचे टोला के रहनेवाले तुषार मंडल की हत्या के विरोध में तीनपहाड़ में लोगों ने स्वतः दुकान बंद रखा। घटना को लेकर आक्रोशित स्थानीय लोग आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मृतक तुषार मंडल के मामा कुमुद रंजन राय के आवेदन पर राजमहल थाने में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**हत्यारे को दबोचने को लेकर विशेष टीम गठित**

पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुट गयी है। साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने राजमहल एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है। इसमें राजमहल एसडीपीओ, राजमहल प्रभार के इंस्पेक्टर, राजमहल, राधानगर, तीनपहाड़, रंगा थाना प्रभारी सहित अन्य को शामिल किया गया है। बीते सोमवार की रात धारदार हथियार से मार कर तुषार मंडल की हत्या कर दी गयी थी। तुषार मंडल सोमवार को राजमहल महाजनटोली में अपने मामा कुमुद रंजन राय के यहां गया था। मंगलवार की सुबह राजमहल थाना क्षेत्र के झमझमिया काली मंदिर से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे कुछ लोगों ने उसका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर राजमहल थाने की पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू की। मृतक की पहचान रंजीत मंडल के इकलौते बेटे के रूप में की गयी। वह दिल्ली में रह कर मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई करता था। रंजीत मंडल टेंट-पंडाल का काम भी करता था।

# सांसद आदर्श ग्राम अंतर्गत पंचायतों के चयन के लिए सांसदों को राज्य सरकार ने लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सांसदों से ग्राम पंचायतों का चयन करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने सभी सांसदों को पत्र लिख कर इस संबंध में अनुरोध किया है। सांसद आदर्श ग्राम से अभी अधिकांश जिलों में ग्राम पंचायतों का चयन नहीं हो सका है। विभाग ने पाकुड़-जामताड़ा जिला को छोड़ कर अन्य जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा है और सांसदों से समन्वय करते हुए ग्राम पंचायत का चयन कराने का अनुरोध किया है और जल्द से जल्द लंबित कार्य को पूरा करने को कहा गया है।

ग्रामीण विकास विभाग ने 31 दिसंबर तक आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सभी योजनाओं के डीपीआर से संबंधित बैठक का आयोजन किये जाने के लिए सभी उपविकास आयुक्तों को अलग से निर्देशित किया है। बता दें कि सांसदों द्वारा ग्राम पंचायत के चयन के बाद पंचायत विकास से जुड़ी योजनाएं चलायी जायेंगी। एक ग्राम पंचायत का चयन सांसदों को करना है। बता दें कि राज्य में 14 लोकसभा और छह राज्यसभा सांसद हैं।

# तीन दिनों से लापता स्कूली छात्र की तहकीकात करने पहुंचे एसपी

**अयान कुमार उम्र करीब 9 वर्ष पिता दिलदार राम विगत तीन दिनों से घर से गायब है और उसकी हाइट करीब साढ़े तीन फीट है। वह ब्लू रंग का ट्राउजर तथा ग्रे कलर का इनर पहने हुए है।**



तीन दिनों से लापता आयन कुमार का फाइल फोटो



गायब अयान का खोजबीन के दौरान परिजनों तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ करते थाना प्रभारी के के साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** विगत तीन दिनों से लापता गढ़वा थाना क्षेत्र के पोटमा गांव निवासी आयान कुमार के मामले का तहकीकात करने एसपी दीपक कुमार पांडे पोटमा पहुंचे। एसपी श्री पांडे ने अयान के परिजनों से पूछताछ की तथा मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी के के साहू को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विदित हो कर अयान कुमार उम्र करीब 9 वर्ष पिता दिलदार राम विगत तीन दिनों से घर से गायब है। परिजनों द्वारा अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए गढ़वा थाना में प्राथमिक की दर्ज करायी गयी है। घटना को लेकर एसपी दीपक कुमार पांडे बुधवार को पोटमा पहुंचे तथा परिजनों से पूछताछ की। मौके पर उपस्थित इंस्पेक्टर तथा गढ़वा थाना प्रभारी के के साहू को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा परिजनों को सांत्वना दी। थाना प्रभारी की उपस्थिति में पुलिस के जवानों तथा ग्रामीण द्वारा आसपास के कुआं मे झगर डालकर तलाश किया जा रहा है। अयान की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मामले को लेकर अयान के पिता दिलदार राम द्वारा 26 दिसंबर को गढ़वा थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। थाना को दिये गये आवेदन के अनुसार आयन कुमार विगत 25 दिसंबर को घर से निकला था शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा खोजबीन किया जाने लगा। खोजबीन के दौरान जब अयान नहीं मिला तो परिजनों द्वारा अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए गढ़वा थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दी गयी। पिता के अनुसार लड़के की हाइट करीब साढ़े तीन फीट है। वह ब्लू रंग का ट्राउजर तथा ग्रे कलर का इनर पहने हुए है। लड़के को तीन दिनों से गायब रहने के कारण तरह-तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है तथा घर परिवार के साथ-साथ सगे संबंधी भी परेशान है। थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन छानबीन की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद शिक्षक नेता तथा वरिष्ठ समाजसेवी रघुराई राम आदि भी सक्रिय हैं तथा विहवल और परेशान परिजनों को सांत्वना देने का प्रयास कर रहे है।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में वीर बाल दिवस संपन्न

# देशभक्ति के लिए उम्र की बंदिशें नहीं होती : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में वीर बाल दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन के पश्चात वीर बालकों साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित की गयी। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि यह दिन समर्पित है गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को। जिन्होंने धर्म के रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। उन्हें मुगलिया फौज के सेनापति वजीर खान ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था, लेकिन उनके मुंह से उफ तक नहीं निकली। इनके पिता सिखों के दसवें गुरु के साथ-साथ संत और दार्शनिक ही नहीं बल्कि एक कुशल योद्धा भी थे। जिन्होंने बर्बर मुगल बादशाह औरंगजेब के विरुद्ध कई युद्ध लड़े। उन्होंने अपने परिवार का बलिदान दे दिया लेकिन मुगलों के सामने नहीं झुके। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार, मुकेश भारती, अजय कुमार, नीरा शर्मा, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाङ्किन, सरिता दूबे, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, संतोष, प्रसाद आदि की भूमिका रही।

# मंत्री के सौजन्य से मां दुर्गा मंडप में गेट लगाने का कार्य प्रारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव बेलवादामर में ग्रामीण जनता की मांग पर गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से माँ दुर्गा मंडप में गेट लगाने का कार्य बुधवार को सुबह में प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि ने डीसी से टोल प्लाजा का नाम मां गढ़देवी टोल प्लाजा करने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने गढ़वा ज़िले के उपायुक्त महोदय से मिलकर मांग पत्र के माध्यम से 'गढ़देवी टोल प्लाजा' का नाम संशोधित कर 'माँ गढ़देवी टोल प्लाजा' अंकित करने के संबंध आग्रह किया। गढ़वा बाईपास रोड में ग्राम पिपरा के पास टोल प्लाजा का निर्माण कराया गया है, जिसका नामकरण गढ़देवी टोल प्लाजा किया गया है। विदित हो कि माँ गढ़देवी जी के प्रति गढ़वा सहित आसपास के जिलावासियों की आस्था जुडी हुई है। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि उनका नाम से पूर्व माँ शब्द का प्रयोग कर श्रद्धा भाव से किया जाये। टोल प्लाजा का नाम सिर्फ 'गढ़देवी टोल प्लाजा' अंकित होने से आमजनों की भावना काफी आहत हो रही है। अतः अनुरोध है कि आम जनों की भावना का सम्मान एवं माँ गढ़देवी का नाम श्रद्धा भाव लिया जाय, इस हेतु टोल प्लाजा का नामकरण 'माँ गढ़देवी टोल प्लाजा' अंकित करवाने की कृपा करेंगे।

# राशन दुकान बंद करने को लेकर बीडीओ को मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड कार्यालय पर बुधवार को प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों ने पीडीएस के प्रखंड अध्यक्ष ब्रजमोहन मिश्र के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह को अपने विभिन्न मांगो को लेकर आगामी एक जनवरी से अनिश्चित कालीन राशन दुकान बंद करने को लेकर मांग पत्र सौंपा। इस संबंध में संघ के प्रखंड अध्यक्ष ब्रजमोहन मिश्र ने बताया कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर देशव्यापी राशन दुकान अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जायेगा। उन्होंने कहा की प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से झारखंड सरकार को मांग पत्र समर्पित किया गया। मौके पर प्रबोध कुमार सिंह, राम विजय राम, लक्ष्मण राम, मीना देवी, विजय नारायण राम, निभा देवी, सुखारी राम, संदीप कुमार उपाध्याय, सुमित्रा देवी, बुधन राम, नरेश राम, भोलाराम के अलावें अन्य कई लोग मौजूद थे।

# सर्वेश्वरी समूह ने वृद्धा आश्रम में कंबल बांटे




**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के सदस्यों के द्वारा स्थानीय वृद्ध आश्रम श्री बंशीधर नगर में जाकर वहां सभी मौजूद बृद्धजनों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह समय-समय पर मानव- मात्र की रक्षा हेतु जन उपयोगी कार्यक्रम चलाते आई है,जिसके अंतगर्त कंबल वितरण, अन्य खाद्य पदार्थ, मेडिकल कैंप, स्वच्छता हेतु मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, विद्यालय में छाडू वितरण, पेयजल श्रोतो की सफाई, सामाजिक कुरीतियां नशाखोरी, छुआछूट, जातिप्रथा, दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते आयी है। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण प्रत्येक गांव में और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर वृद्ध जनों, असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। जिसकी शुरूआत आज वृद्ध आश्रम से की गयी है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो असहाय है जिसको कंबल की आवश्यकता है उसके लिए समाज के सचेतक श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों को बतायें उनके घर जाकर उन्हें कंबल वितरण किया जायेगा। श्री देव ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनों ,बृद्ध जनों, मानव मात्र की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समूह हमेशा से समाज में व्याप्त कुरीतियां छुआछूत, भेदभाव, नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसी अन्य कुरीतियों को मिटाने का आह्वान करते हुए लोगो मे राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करता है। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव सिंहा, राजेंद्र यादव, प्रोफेसर प्रशांत सहाय, नवनीत सिन्हा, नागेंद्र प्रसाद, छोटू रंजन वार्ड पार्षद, शिक्षक संजीव, छोटू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 80 घंटे बाद भी नही मिला डूबा युवक का शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा छत्तीसगढ़ में पिकनिक मनाने गया झारखंड का युवक नदी में डूब गया है। उसका नाम उज्जवल यादव है। उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। गढ़वा जिले से वह पिकनिक मनाने रामानुजगंज स्थित पलटन घाट आया था। जहां कनहर नदी में नहाने के दौरान वह डूब गया। इस घटना को 80 घंटे हो चुके हैं। लेकिन उसे बरामद नहीं किया जा सका है। जानकारी के मुताबिक वह अपने घर का सबसे छोटा लड़का था। उसके पिता का नाम रामजी यादव है। वह गढ़वा जिले के सोनपुरवा का रहने वाला था। उसकी तलाश चौथी दिन भी की जा रही है। हादसा जानकारी के मुताबिक रविवार को गढ़वा से पिकनिक मनाने कुछ लोग आये हुए थे। इस ग्रुप में झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत सोनपुरवा के गांधी इंटरप्राइजेज दवा दुकान के संचालक अमित केसरी और उनके सात स्टाफ थे। रविवार 24 दिसंबर की दोपहर करीब 2 बजे सभी नहाने के लिए कनहर नदी में उतरे। इसी दौरान उज्ज्वल का पैर फिसल गया और वह गहरायी में डूबने लगा। उज्ज्वल अमित केसरी की दवा दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 से 10 जनवरी तक आयोजित होगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित एग्री क्लिनिक सेंटर में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में किसान मित्रों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में केसीसी से सबंधित और विकसित भारत संकल्प यात्रा पर विस्तार से चर्चा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी किसान मित्रों को अधिक से अधिक किसानों से केसीसी के लिये आवेदन कराने का निर्देश दिया, जिससे किसानों को खेती करने में सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये किसानों को जागरूक करें यह कार्यक्रम आगामी 4 जनवरी से 10 जनवरी तक प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय यादव, एग्री क्लिनिक सेंटर के परियोजना समन्वयक सरोज सोनकर, क्षेत्र समन्वयक बालदेव खलखो, किसान मित्र सुदेश्वर विश्वकर्मा, उद्यान मित्र मुकेश शुक्ल सहित अन्य उपस्थित थे।

# जीएन को हरा जवाहर नवोदय सेमीफाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 12वें दिन जूनियर वर्ग के क्वाटर फाइनल में जवाहर नवोदय विद्यालय ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल रेहला को 78 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक कुमार गुप्ता को चाईबासा के जज सह गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी बिनोद कुमार, डॉक्टर सह पूर्व खिलाड़ी पंकज प्रभात, उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने प्रदान किया। इस मौके जज विनोद कुमार ने कहा कि आप खेल को खेलते हैं तो खेल के दौरान आप मैदान में कई तरह के दबाव को झेलते हैं। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक, प्रिंस, विशाल, आलोक, आदित्य सहित काफी संख्या में दर्शक शामिल थे।

# आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने ईदगाह में कराया डीपबोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर. पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट डॉक्टर राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर एक सप्ताह तक जन कल्याणकारी कार्यक्रम चला रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे दिन मंगलवार को गढ़वा के ऊंचरी ईदगाह में डीप बोर कराया गया। डीप बोर का शुभारंभ डॉ. यासिन अंसारी, शम्मी हाफिज, शौकत कुरैशी, डॉक्टर पतंजलि केसरी संहित अन्य लोगों ने नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से किया।

उक्त अवसर पर जानकारी देते हुए डॉक्टर यासिन अंसारी ने बताया कि उत्तरी ईदगाह में बोर की सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद अब लोगों को पेयजल की परेशानी नहीं होगी। आर. पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. राधा बाबू की पुण्यस्मृति के अवसर पर उतरी ईदगाह में पेयजल के लिए बोरिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसके बाद यहां के लोगों को शुद्ध जल आसानी से उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने बताया कि डॉक्टर राधा बाबू की पुण्य स्मृति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जिसके तहत आज डीप बोर कराया जा रहा है। उक्त अवसर पर राशिद इदरिसी, बबली, शमशेर, विजय कुमार, असलम, बहादुर, मोहम्मद मोहसिन सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल हूर गढ़वा में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया। आज के प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि गढ़वा जिला के वरिष्ठ समाजसेवी और आरके पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजकुमार पाण्डेय और आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और खेल ध्वज को फहराकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शारीरिक खेलकूद से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा, तो हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल होंगे। बच्चों को अनुशासन और समय के सदुपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वाध्याय पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं को कमर कस करके अपने रुचि के अनुसार क्षेत्र में लग रहने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन के अंत में अलखनाथ पांडेय ने कहा कि विद्यालय का यह प्रथम वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आज समापन समारोह है। उन्होंने कहा कि खेलकूद उतना ही जरूरी है जितना पढ़ाई। स्कूल निरंतर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। खेलकूद में भी बेहतर कैरियर की संभावना है। अभिभावक खेल के प्रति बच्चों को प्रेरित करें। उन्हें मोबाइल गेम से दूर रखें और स्वयं आउटडोर गेम्स में साथ लेकर जायें ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास अच्छे से हो सके। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आज स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं का फाइनल इवेंट कराया गया।

आज विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर की दौड़, थ्रीलेग रेस, बैलून रेस, मैथ और बैक रेस, कूद, डिस्क आदि शामिल हैं। इस उत्सवी माहोल में प्रतिभागियों ने अपने दम।

प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर उपस्थित सभी अतिथि गण के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के प्रशासक प्रमोद कुमार झा, राम करेस चौबे, विजय चौबे, राजेंद्र चौबे, धनंजय तिवारी, रोशन दुबे सहित अन्य वरिष्ठ सम्मानित गण और अभिभावक गण उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार कांडी कोल रोड मुकुंदपुर स्थित मुख्य पथ पर मंगलवार की रात्रि 10:15 बजे सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक की दर्दनाक मौत हो गयी। बताते चले कि केतार थाना क्षेत्र के ताली निवासी सोहर साह का पुत्र संदू साह 29 वर्ष अपने भाई को लेने के लिए आटो लेकर केतार जा रहा था। तभी अचानक उसका सड़क दुर्घटना में ऑटो से दब जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गया। इंतजार कर रहे दूसरे भाई पैदल अपने घर ताली जा रहा था तभी मुकुंदपुर के समीप अपने भाई को ऑटो से दब कर मरा पाया। शव को निकालकर ऑटो पर लादकर अपने घर ले गया। सूचना पाते ही केतार थाना शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पैतृक गांव में पंडा नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इंतियाज आलम, मणिलाल गुप्ता, सुनील राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## धूमधाम से मनाया जायेगा कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाने हेतु बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने हेतु चर्चा की गई एवं रूपरेखा तैयार की गई। इस निमित निर्णय ली गई कि जिले के सभी प्रखंड पंचायत एवं बुथ स्तर पर झंडोतोलन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के कार्यकताओं को दिशा निर्देश जारी किया गया। सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड प्रभारी को दिशा निर्देश जारी की गई कि अपने-अपने जिम्मेवारी के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनावे। बताया गया कि भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई (मुम्बई) के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी । कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस का एक ही उद्देश्य था देश का विकास करना। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सचिव कुणाल अभिषेक, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सीमा परवीन, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, सेन्हा के मंडल अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय नायक, रंजीत साहू, अयूब खान, मदन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## कुडू प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में बैठक की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी सह जिला महासचिव सामूल अंसारी शामिल हुए। सभी पंचायत स्तर पर पार्टी कार्यकताओं को जुड़ जाने एवं सभी पंचायत में कांग्रेस पार्टी का झंडातोलन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष मो इकबाल, शमसुल अंसारी, मनोज उरांव, संतोष लोहरा, नईम अंसारी, जीवन खाखा, परवेज आलम एवं अन्य कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भंडरा में अक्षत कलशों का हुआ भव्य स्वागत



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है। इसका न्योता देने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश भेजे गए हैं। भंडरा के कुम्हारिया ,हाटी,मसमानो एव सेमरा में यह कलश बुधवार को पहुचा। यहां से राम मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें काफी भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। बुधवार को सुबह 9.30 को अक्षत कलश कुम्हारिया पहुंचा। यहां पर पुष्प वर्षा के साथ अक्षत कलशों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद शोभा यात्रा के रूप में इन कलशों को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के आनन्द पंडित, भीम लाल, राजेंद्र साहू आदि ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता प्रत्येक घर में इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता देने के लिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के हर दरवाजे तक इन अयोध्या से आए इन अक्षत को पहुंचाया जाएगा। वहीं अक्षत कलश के गांव पहुंचने पर चोरों तरफ राम नाम के जयकारों की गुंज सुनाई दे रही थी। इस मौके पर कृष्ण चैतन्य ब्रम्चारी, राधेश्याम साहू, पवन गुप्त, चन्दन गुप्ता, बबलू साहू, ब्रजेश साहू, सोहराई उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## चुनाव से संबंधित तिथियों की घोषणा कलः संयोजक



**कैरो (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमिटी का सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए गठित चुनाव कमिटी की बैठक न्याटोली, कैरो स्थित मदरसा में संयोजक अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में शीघ्र चुनाव कराने के लिए रणनीति बनाई गई। प्रखंड अंजुमन के चुनाव में लगभग 150 मतदाता 5 पदों के पदाधिकारी का चुनाव करेंगे। सदर पद के लिए हरा रंग, सेक्रेटरी पीला रंग, नायब सदर आसमानी, नायब सेक्रेटरी गुलाबी, और खजांची के लिए सफेद रंग के बैलेट पेपर में वोट डाले जाएंगे। कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि कोई भी उम्मीदवार यदि धनबल, लोभ, लालच या अन्य किसी गलत तरीकों से मतदाता को अपनी ओर रिझाने का प्रयास करते पाये जायेंगे तो उनकी उम्मीदवारी रद्द करने पर कमिटी विचार करेगी। बैठक में नाजीर आलम खान, महताब आलम, अतिकुर्रहमान, कलीम अंसारी, फरीद खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विधायक मद से बने आदिवासी पड़हा भवन का मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया उद्घाटन

# हेमंत सरकार राज्य के संपूर्ण विकास में जुटी हैः डॉ रामेश्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा/ लोहरदगा।** प्रखंड के नवडीहा एवं कसपुर में विधायक मद से बने आदिवासी पड़हा भवन का स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव ने बुधवार को उद्घाटन किया। उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री का स्थानीय युवतियों ने परम्परिक रूप से स्वागत किया। मौके पर मंत्री ने ग्रामीणों संग बैठक कर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। कई ग्रामीणों ने मंत्री को अपना समस्या बतलाया जिसे मंत्री ने तत्काल संबधित विभाग को समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार में विकास काफी तेजी के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य का समग्र विकास में जुटी है। इससे राज्य की जनता खुशहाल हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि विकास के सफर पर हम काफी तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जो कमियां हैं, उसे दूर करने को लेकर भी काम कर रहे हैं। राज्य के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है। जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनके सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। इस गठबंधन सरकार ने ऐसी व्यवस्था किया है कि सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पोटली बना कर जनता द्वार तक जायेंगे। मनुष्य को जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा एवं मकान की आवश्कता होती है, जिसके लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर एवं तन ढकने के लिए धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी, एवं पोषाहार भोजन के लिए चावल के साथ साथ दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशिचत जसवाल, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, थाना प्रभारी गौतम कुमार , प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, परवेज अंसारी, डोमना उरांव, रामचंद्र बाघवार, समीम अंसारी, सुखदेव उरांव, निरंजन उरांव, मुखिया सुमित उरांव, इंद्रदेव उरांव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।



## कई लाभुकों का सालों का राशन डीलर कर जा रहा है गबन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनिका/ लातेहार ।** मनिका कोपे पंचायत के जेरुआ गांव में शबाना समूह जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा कई लाभुकों का राशन गबन कर लिया जा रहा है इसके विरोध में लाभुक ने शिकायत देकर जिला उपायुक्त से डीलर के ऊपर कारवाई का मांग किया है। जिसके बाद प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, कोपे पंचायत मुखिया पति सुदेश्वर सिंह जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के पास जांच के लिए पहुंचे। इसी दौरान दो महीने से राशन नहीं मिलने से आक्रोशित कार्डधारियों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया ये देख शबाना समूह के संचालक बौखला कर कार्डधारियों से भीड़ गई और कार्डधारियों के साथ-साथ प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी को गालियां देकर भगाने का प्रयास किया। वहीं कार्डधारियों ने कहा 2 महीने से लेकर सालों का राशन कई लाभुकों का डीलर के पास बकाया है। यह भी बताया कि यहां से 35 किलो राशन बोल कर दिया जाता है लेकिन घर जाकर वजन करने पर 22-23 किलो ही राशन होता है। वहीं लोगों ने कहा कि राशन लेने के लिए डीलर एक महीना पहले ही अंगूठा लगवाता है लेकिन समय से राशन नहीं दिया जाता है। मौके पर उपस्थित कार्डधारियों ने कहा की अभी अक्टूबर और नवंबर महीने का हम लोगों को राशन नहीं दिया जा रहा है जिसके लिए डीलर के खिलाफ शिकायत की गई है। वहीं इस विषय पर जानकारी देते हुए प्रखंड प्रमुख मनिका प्रतिमा देवी ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के खिलाफ कार्डधारी पहले से शिकायत कर रहे हैं। संचालक के द्वारा कार्डधारियों को गाली गलौज कर भगाने का प्रयास किया गया समझाने गई तो मुझे भी गाली दी गई है।



## पोल से टकरायी कार, यात्री सुरक्षित

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप रिलाइंस मार्ट के पास गुमला से हजारीबाग जा रहा कार जे एच 02 बीजे 2915 अनियंत्रित हो बिजली खम्भा से जा टकराया। घटना में किसी का कोई हताहत होने की सूचना नही है। सड़क दुर्घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच एसआई पंकज यादव को निर्देश देते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को थाना परिसर लाया गया तथा पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई। विदित हो कि घटना चालक का आंख लगने के कारण होने की बात बताई जा रही है। कार सवार आलोक एक्का ने बताया कि वे अपनी गाड़ी से गुमला से हजारीबाग जा रहा थे, गाड़ी का चक्का में हवा कम होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो बिजली के पॉल में टकरा गया। वाहन के टकराने के बावजूद सवार लोग सुरक्षित हैं।

## कैरों में राशन डिलरों की बैठक संपन्न

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही) ।** कैरो प्रखंड परिसर स्थित बुधवार को जनवितरण प्रणाली संघ के प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव के अध्यक्षता में सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों का बैठक हुई। बैठक में 1 जनवरी 2024 से प्रखंड के सभी झारखंड में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। वंही जनवितरण दुकानदारों ने सरकार को अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मौके पर दीपक साहू, नसीर आलम खान, ब्रजकिशोर साहू, सुरेंद्र साहू, मोहम्मद खुर्शीद, मनिदर साह, सोमा उरांव, रामकेश्वर उरांव, चम्पा उरांव, चेतना महिला मंडल, दुर्गा महिला मंडल, रजनी महिला मंडल, रोशनी महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट के साथ सावधानी जरूरीः एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सेरेंगहातु में सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु समाजिक कार्यकर्ता इमरान आजाद अन्सारी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के द्वारा हेलमेट वितरण किया गया। आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र में हेलमेट वितरण कार्यक्रम दूसरी बार किया जा रहा है। जिसे बताते हुए उन्होंने कहा की समाजिक जागरूकता कार्यक्रम से ग्रामीण जनता जागरूक हो नियम पालन का ध्यान रखते हुए अपने एवं परिवार के भविष्य को सवारने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सेन्हा थाना क्षेत्र के समाजसेवी और बुद्धिजीवी लोग हेलमेट वितरण कर सुरक्षित बचाव के लिये आम जनता को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही जनता से अपील करते हुए कहा कि जब भी घर से बाइक लेकर निकले तो हेलमेट जरूर पहन कर ही चले। कहा कि जिस तरह मोबाइल में कवर डालते हैं उसी तरह दुर्घटना से बचने के लिए स्वयं भी हेलमेट पहनिए और दूसरे लोगो को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कीजिये। हेलमेट वितरण करने के लिये पुलिस अधीक्षक ने इमरान आजाद व उनकी पूरी टीम को बधाई दिया। हेलमेट वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के अलावे बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार तथा शस्त्र बल के अलावे इमरान आजाद अन्सारी, इम्तियाज अंसारी, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, फिरोज अंसारी, प्रेम एक्का, राजू अंसारी सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे।



## 40 जोड़े की हुई सामूहिक शादी



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संत जोसेफ चर्च सहित संत जेवियर चर्च गोठगांव,पकरी पाठ, चेतमा एवम तुन्दटोली सहित प्रखंड के विभिन्न चर्चो मे बुधवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पल्ली पुरोहितों द्वारा इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार में समाज के नियम के अनुसार जीवन यापन के लिए विवाह सूत्र में बांधा गया एवं सामाजिक व धार्मिक अधिकार दिये गये इस दौरान प्रखंड में कुल 40 जोड़ो की सामुहिक शादी करायी गई। चर्च में सभी जोड़ों की पवित्र विवाह संस्कार की आशिष हुई और महाप्रसाद ग्रहण कर पति पत्नी के रूप में एक दुसरे को जीवन साथी चुना। गौरतलब है कि मसीही परिवार की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए इससे पूर्व चर्च परिसर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया। पूजा एवं विवाह कार्य संपन्न होने के बाद संक्षिप्त रूप से चर्च परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही इस मौके पर वर वधू पक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे। जिन्होंने नए जोड़ो को आशीर्वाद दिया।

## बालू से तेल निकालना बंद करें अधिकारीः लाल गुड्डू नाथ शाहदेव

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि कुडू प्रखंड में बालू को लेकर अधिकारी खासकर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह जरूर से ज्यादा ही जनता को परेशान कर रहे हैं। जबकि सरकार कहती है कि सरकारी आवास और सरकारी काम नहीं रुकने चाहिए। उसके लिए भी लोग बालू उपाय करते हैं तो जनता को परेशान किया जा रहा है और इतनी तत्परता तो अपराधियों को पकड़ने में भी नहीं दिखाई जाती है। जितनी कि बालू को रोकने में दिखाई जा रही है । लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अधिकारी जो जनता को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं। उनका वहां से तबादला किया जाए और आम जनता को बालू कैसे उपलब्ध होगा उस पर एक नियम बनाते हुए बालू उपलब्ध कराया जाए और दूसरी ओर 'बालू से तेल निकालने' की जहां तक बात है तो हाईवा भर भर कर रांची राजधानी बालू पहुंच रहा है। उसको देखने वाले सरकार के कोई भी अधिकारी नही है और मुख्यमंत्री के नाक तले यह काम चल रहा हैं। लेकिन कोई भी उधर झांकने को तैयार नहीं हैं। लगता है कि वहां पर बालू से तेल निकल रहा हैं और यहां पर अगर बालू को बालू की तरह उपयोग किया जाता है तो उस पर तानाशाही रवैया अपनाया जाता है।

## एसवीएम कॉलेज की छात्राओं ने की सरस्वती यात्रा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुरु सीखें । कॉलेज के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत 20 छात्राओं को केंचुआ खाद ( वर्मी कंपोस्ट ) फार्म ले जाया गया। वहां संबंधित विषय के विशेषज्ञ दिनेश चांद ने छात्राओं को ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुर सिखाये छात्राओं ने सीखा कि जैविक खाद से कैसे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं और उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। बालिका शिक्षा विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा व अर्थशास्त्र की आचार्य अर्चना कुमारी के नेतृत्व में यह सरस्वती यात्रा संपन्न हुई छात्राओं में कनक दीप, कशिश कुमारी, पलक कुमारी, कमला कुमारी, पूर्णिमा भगत, रागिनी भगत, मनीता कुमारी, रेशमी कुमारी, मानसी कुमारी, समृद्धि कुमारी, ज्योति प्रिया कुजूर, अंजली कुमारी, सलोनी कुमारी, मुनिका कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, रंजीता टोप्पो, अनिमा कुमारी, किरण कुमारी, अंजली कुमारी उपस्थित थी।

## जिप सदस्य ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** किस्को प्रखंड के हिसरी ग्राम में 15 वी वित से 300 फीट नाली का शिलान्यास किया गया। यह नाली निर्माण हिसरी मसजीद से लेकर इमामबाड़ा तक होगा। जिसका शिलान्यास किस्को प्रखंड के जिला परिषद संदीप कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर मीर रिजवान, अरसद अयूब, मीर यासीन, सहजाद रजा, मीर तौफीक, मीर मामूली, मीर सफीक, मीर सफरूल, मीर नाजिर, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### लातेहार के कुंदरी गांव में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार'आयोजित

# लोगों को मिला व्यक्तिगत और सामूहिक वन पट्टा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार के प्रखंड स्थित कुंदरी गांव में बुधवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। इस मौके पर वनाधिकार पट्टा के तहत 903.658 एकड़ भूमि व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन पट्टा का वितरण किया गया। साथ ही चौकीदार, शिक्षा विभाग में लिपिक और आदेशपाल पद के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। नेतरहाट में नौका संचालन एवं लातेहार समाहरणालय में दीदी कैंटीन संचालन हेतु निबंधन प्रमाण पत्र दिया गया। लाभुक को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति, सामुदायिक विवेकानंद निधि, विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत लाभ दिया गया। वहीं सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों को धोती-साड़ी दिया गया। इसके अलावा ग्रीन राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया। समेकित जनजाति विकास अभिकरण से भी लाभुकों को लाभांवित किया गया। वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को चेक प्रदान किये गये। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा के तहत अनुग्रह अनुदान की राशि दी गयी। वहीं, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को लाभांवित किया गया। बिरसा सिंचाई कूप योजना का लाभ दिया गया। 10 महिला स्वयं सहायता समूहों को भूमि संरक्षण विभाग की ओर से मिनी ट्रैक्टर एवं रोटावेटर भी दिये गये।



**सरकार गांव के गरीबों की समस्या सुनकर कर रही निदानः मंत्री सत्यानंद भोक्ता :** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार आपके द्वार आई है और गांव के गरीबों की समस्या सुनकर उसका निदान किया जा रहा है। सरकार गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित कर रही है। सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ देकर लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार ने विभिन्न विभागों में रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति किया है। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया।

**उपायुक्त ने किया स्वागतः** उपायुक्त हिमांशु मोहन ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव आया है, जो काम साल भर में होते थे। आज वह काम एक माह में ही होने में सफलता मिली है। सरकार एवं प्रशासन के प्रति लोगों की सोच भी बदली है। 77इस अवसर पर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी अपनी बातें रखी। कार्यक्रम में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, गुमला विधायक भूषण तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास, पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजकुमार लकड़ा, लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप के अलावे झामुमो के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, कॉग्रेस के मुनेश्वर उरांव, राजद के राम प्रवेश यादव समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में लाभुक व आमजन उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर मामले में युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात जवाहर नगर स्थित वाटर वेज कॉलोनी से सुमित कुमार उर्फ विक्की उर्फ बांके को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार सुमित ब्राउन शुगर का कारोबारी है। पिछले दिनों पुलिस ने अकील अहमद उर्फ टिंकू को चार पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था और पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा दिया है। पूछताछ में बताए गए नाम के आधार पर पुलिस ने सुमित को मंगलवार की रात उसके घर से गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस को सुमित के पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। वही ब्राउन शुगर से जुड़े कारोबार को लेकर कुछ अन्य लोगों का नाम भी सामने आया है।

### ढाई साल पहले लापता युवक का शव होने का अनुमान

# अर्द्धनिर्मित मकान में गाड़े गये शव का मिला नर कंकाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के चेटर में बुधवार को उसी स्थान से नर कंकाल मिला जहां पिछले शुक्रवार को पुलिस ने आधा अधूरा खुदाई की औपचारिकता कर बैरंग वापस लौट गई थी। विदित हो कि चेटर निवासी निरंजन कुजूर ने 16 दिसंबर को गुमला थाना में आवेदन दिया है जिसमें ढाई साल पहले की घटना की जिक्र करते हुए कहा है कि परम कुमार लहरी और गणेश महतो ने बाजार टांड़ निवासी राजा रजक की हत्या कर उसके अधूरे घर में गाड़ दिया है। निरंजन ने इस बात की जानकारी राजा रजक के मां गीता देवी व उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी दिया। गीता देवी इस बात को लेकर निश्चिंत था कि वह काम करने के लिए बाहर गया है। निरंजन कुजूर की सूचना के बाद गीता देवी ने 21 दिसंबर को एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर निरंजन द्वारा बताए स्थान पर खुदाई कराने का अनुरोध किया। एसपी के निर्देश के बाद गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार ने पिछले 22 दिसंबर को दंडाधिकारी की उपस्थिति में निरंजन कुजूर के अर्द्धनिर्मित घर में थोड़ी से खुदाई की। शिकायत कर्ता के नशे में होने के कारण पुलिस के अधिकारियों को उसके बात को हल्के में लिया और खुदाई बंद कर वापस आ गए। गीता देवी के अनुरोध पर थाना प्रभारी ने मजदूर लगाकर खुदाई कराने और कुछ मिलने पर सूचना देने की बात कही गई थी। बुधवार को मजदूर लगाकर खुदाई कराने पर एक हड्डी निकला। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पूरी खुदाई की और पार्ट-पार्ट में नर कंकाल को एकत्रित किया। गीता देवी एवं उसके परिवार के सदस्यों ने दावा किया है कि शव राजा रजक का है। खुदाई के दौरान एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल और दंडाधिकारी मो.अनीस सहित पुलिस के अधिकारी शामिल थे।

**डीएनए जांच के बाद होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी :** थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार राजा रजक की मां गीता देवी के बयान पर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के गड्ढा खोदकर गाड़ने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। लेकिन गीता देवी और कंकाल के डीएनए कराया जाएगा।

# परमवीर अलबर्ट एक्का की जयंती पर अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अलबर्ट एक्का की जयंती पर जिले के विभिन्न स्थानों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में स्थित अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती सहित जिले के अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि

लांस नायक अलबर्ट एक्का 27 दिसम्बर 1942 को गुमला के जारी प्रखंड में जन्मे। और वीरता से दुश्मनों का मुकाबला करते हुए 3 दिसम्बर 1971 को वीरगति को प्राप्त हुए। अलबर्ट एक्का एक भारतीय सैनिक थे । जो भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में हिली की लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

इस माल्यार्पण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता , एसडीओ सदर, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला श्रम अधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# डीलर संघ ने हड़ताल पर जाने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड डीलर संघ के द्वारा एक जनवरी से सामुहिक हड़ताल पर जाने को लेकर बुधवार को बीडीओ सह प्रभारी एम ओ रमेश कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी ने बताया कि चार सूत्री मांगों को लेकर आंल इंडिया फेयर प्राइस शॉप

डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर एक जनवरी 2024 से संपुर्ण भारत के जन वितरण प्रणाली दुकानदार हड़ताल पर जा रहें हैं। इसी के तहत प्रखंड के सभी 82 डीलर भी हड़ताल पर रहेंगे। हमारी चार सूत्री मांग में जन वितरण दुकानदारों का मासिक मानदेय 30 हजार करने अथवा प्रति किलो कमिशन तीन रुपए करने, पुर्व की भांति दुकानदारों का अनुकंपा बहाल करने, सरकार द्वारा प्रदत्त ई-पॉश मशीन को 4 जी से जोड़ने और पीएम गरीब कल्याण योजना का बकाया कमिशन जल्द भुगतान करने शामिल है। मांग पुरी नही होने पर एक जनवरी से पुरे देश के डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे। देश के पांच लाख अड़तालीस हजार डीलर लगभग 81 करोड़ गरीब जनता को खाद्यान्न के साथ साथ अन्य सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं। किन्तु हमें उचित मेहनताना नहीं मिल रहा है, सरकार गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए हमारी चार सूत्री मांग को जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि हमारे द्वारा जनता को ससमय खाद्यान्न व अन्य सामग्री सुचारू रुप से उपलब्ध कराया जा सके। ज्ञापन सौंपे जाने में सिसई फेयर प्राइस शॉप फेडरेशन के अध्यक्ष मकीन अंसारी के अलावा सचिव रामेश्वर साहु, उपाध्यक्ष अनिल साहु सहित प्रखंड के कई डीलर मौजूद थे।

# जंगली हाथी का उत्पात, घर को किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा पंचायत के विभिन्न गांवों में जंगली हाथी के आतंक से लोग परेशान हैं। बुधवार की सुबह अचानक मुरकुंडा गांव में एक जंगली हाथी अचानक घुस गया जिसके बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। वही काफी संख्या में ग्रामीण घरों से निकलकर हाथी को गांव से बाहर खदेड़ने लगे। वही मुरकुंडा पंचायत के कोटेंग सेरा गांव के किसान विष्णु बड़ाइक के घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया और गांव में जमकर उत्पात मचाया। वही ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथी को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित जंगल में खदेड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं ग्रामीण किसान विष्णु बड़ाइक ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। जानकारी के मुताबिक इन दिनों गुमला जिले के बसिया कामडरा पालकोट व गुमला में एक जंगली हाथी को विचरण करते देखा जा रहा है। शायद वह अपने झुंड से बिछड़ गया है वही हाथी खेतों में लगे फसलों को भी रौंद कर नुकसान पहुंचा रहा है और गांव में पहुंचकर लोगों के घरों को ध्वस्त कर उनका धान भी चट कर रहा है। वही मुरकुंडा पंचायत के लोगों ने वन विभाग के सहयोग से हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रहे है। लेकिन हाथी के इस क्षेत्र में विचरण करने से लोग काफी भयभीत हैं और गांव में रतजगा कर रहे हैं।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का के गृह जिला को चारागाह नहीं बनने दिया जायेगा: सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा जिला मुख्यालय के स्टेडियम स्थित परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का के जयंती के मौके पर संकल्प कार्यक्रम के तहत शहीद के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संकल्प कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का के गृह जिला को लूट का चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने जिला में पार्टी को मजबूत बनाते हुए आंदोलन को तीखा करने की अपील पार्टी नेताओं से की है। कार्यक्रम के द्वारा 7 जनवरी 2024 को केंद्रीय स्तर का कन्वेंशन में भाग लेने तथा गुमला जिला में किसान व मजदूरों का स्थिति में बदलाव के लिए 31 जनवरी 2024 को जिला मुख्यालय गुमला में किसान मजदूर सम्मेलन का आयोजन करने, वहीं इस मौके पर गुमला को रेल लाइन से जोड़ने तथा रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना के अलावे जिले से पलायन व मानव तस्करी को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर कृषि आधारित रोजगार का सृजन करने की मांग केंद्र व राज्य सरकार से की गई । इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव प्रकाश उरांव, किसान नेता आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, सोमरा खड़िया, शंकर उरांव, भूषण सिंह, अशोक भगत, गोपेश्वर गोप, रीमिस कुजूर, पुष्पा उरांव, कुशमा मिंज, मालती देवी के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिर्फ वोट के लिए आदिवासियों को स्वार्थी तत्वों का आहार और हथियार नहीं बनने देंगे: बंधु तिर्की

**आदिवासियों के संतुलित, भेदभाव रहित और संपूर्ण विकास के लिये 4 फरवरी 2024 को रांची में होगी आदिवासी एकता महारैली**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों के समन्वित, संतुलित, भेदभाव रहित और संपूर्ण विकास के लिए अगले 4 फरवरी 2024 को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखण्ड जनाधिकार मंच द्वारा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया जायेगा। तिर्की ने कहा कि इस महारैली में न केवल आदिवासियों के मुद्दे पर गहन विमर्श करते हुए आदिवासियों को वास्तविक जमीनी स्थिति से परिचित कराया जायेगा बल्कि आवश्यकता होने पर तीव्र आंदोलन का भी फैसला लिया जायेगा।

तिर्की ने कहा कि यह चुनावी साल है और अबतक केवल अपने मतलब के लिये आदिवासियों को माध्यम बनाकर स्वार्थी तत्वों ने अपना उल्लू सीधा किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन अबकी बार आदिवासियों को केवल अपने मतलब के लिये वैसे स्वार्थी और समाज विरोधी तत्वों का हथियार और आहार नहीं बनने देंगे. श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी, जल, जंगल और जमीन के पुजारी हैं और स्वाभाविक रूप से अपेक्षाकृत कहीं अधिक भोले-भाले होने के साथ ही वे स्वाभिमानी भी हैं और इसी के कारण उन्हें बरगलाना बहुत ज्यादा आसान है. श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की इन्हीं कमजोरी के कारण स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी आज आदिवासियों की स्थिति दयनीय बनी हुई है और वे अपने जीवन की जटिल समस्याओं से जूझते हुए भोजन, वस्त्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के लिये तो संघर्ष कर ही रहे हैं साथ-साथ अपनी जमीन से भी हाथ धोते जा रहे हैं।

## छात्राओं को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा में कोचिंग क्लास कर सड़क पार करने के लिए खड़ी दो छात्रा घाघरा निवासी 11 वर्षीय अंशु किंडो पिता सुखदेव भगत और 11 वर्षीय अनिमा गुड़िया पिता जोहन गुड़िया बाइक के टक्कर से घायल हो गई। घटना में दोनों के पैर सहित शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी। तत्काल परिजनों द्वारा दोनों को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गए जहां प्राथमिक उपचार कर दोनों छात्राओं को गुमला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बाइक चालक एक युवक को भी काफी चोट लगी जिसका इलाज उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों छात्राएं कोचिंग क्लास कर घर लौट रही थी और घर के पास ही सड़क पार करने के लिए खड़ी थी तभी एक बाइक तीव्र गति से आया और दोनों को टक्कर मार दिया। घटना बाइक चालक भी गिरकर घायल हो गया।

# मिशन बदलाव की टीम ने एसपी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव गुमला की टीम पुलिस अधीक्षक गुमला से मिलकर मनरेगा में अवैध निकासी की शिकायत पश्चात ठेकेदारों के द्वारा घर जलाने पर दोषी पर उचित कारवाई करने के संबंध में आवेदन दिया। एसपी को बताया कि इमरान खान के ऊपर लगे गए आरोपों को निष्पक्ष तरीके से जांच कर जो भी दोषी है उनके ऊपर से करवाई करें। मिशन बदलाव की पूरी टीम भूषण भगत,सैयदा खातुन,ज्योति वर्मा,बिनय गोप और लखन कुमार के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिला और बताया कि ग्राम गोया, पंचायतः बेलगाड़ा घाघरा गुमला निवासी इमरान खान है और घाघरा प्रखण्ड के ग्राम गोया में मनरेगा के तहत स्कूल के 15-20 छात्रो का जॉब कार्ड बनाकर 3,12,090 का अवैध निकासी किया गया था और इमरान खान द्वारा इसकी शिकायत करने पर ठेकेदार द्वारा इमरान खान को धमकाया गया था और इसकी सुचना इमरान खान ने दिनांक 22/12/23 को थाना में दे दिया था। उसी रात उनके घर मे आग लगा दिया गया, जिसमें इमरान खान के घर के समान, मोटरसाइकिल, प्रिंटर, लैपटॉप, जेवर, चावल, 40 हजार नगद, शैक्षणिक दस्तावेज व सिलेंडर से इमरान खान के घर में विस्फोट हुआ और बगल घर पड़ोसी के यहां रखा हुआ आंगन बाड़ी का भी 20 बोरा चावल जल कर खाक हो गया और इमरान खान का 6 से 7 लाख रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस अधीक्षक गुमला से मिलने वालों में इमरान खान एवं मिशन बदलाव के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## भारत न्याय यात्रा को सफल बनायें कार्यकर्ता: रमेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद अब भारत न्याय यात्रा की शुरूआत करेंगे। यह यात्रा 14 जनवरी से 20 मार्च तक चलेगी। इसे लेकर जिले के कांग्रेसियों में उत्साह है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने राहुल गांधी को यात्रा की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि निश्चित इससे कांग्रेस में उर्जा का संचार होगा और पार्टी सशक्त होगी। चुंकि आर्थिक और सामाजिक हक के लिए इस यात्रा का नाम भारत न्याय यात्रा रखा गया है, जो 6200 किमी, 14 राज्य और 85 जिलों से गुजरेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक मात्र नेता है, जो आवाम के हक के लिए सड़कों पर उतरते है। इसलिए इस यात्रा को सफल बनाने में पार्टी का हर कार्यकर्ता अपना दायित्व निभाने को तैयार हैं।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही) ।**गुमला में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। पहली घटना गुमला टोटो रोड में बैरटोली के बीच हुई जिसमें घाघरा के दीरगांव निवासी गोवर्धन खड़िया और फेकन खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर पालकोट रोड में गणेशपुर डीपा के समीप बसिया के सोलंगबीरा निवासी प्रदीप लकड़ा को उर्मी के सुमित साहु नामक बाइक चालक ने धक्का मार दिया। जानकारी के अनुसार सुमित गुमला से अपना घर बाइक से जा रहा था। प्रदीप बस से उतर कर अपना घर जा रहा था तभी बाइक चालक ने धक्का मार दिया और दोनों घायल हो गए।

# रब्बानिया कैलेंडर का हुआ विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** बज्मे रब्बानी कमेटी के बैनर तले रब्बानी कैलेण्डर का विमोचन किया गया। मध्यप्रदेश के जबलपुर से आए खानवादा ए रब्बानिया के पीरे तरीकत अल्हाज सैय्यद अहमद रब्बानी ने कैलेंडर का विमोचन किया। यह कार्यक्रम थाना रोड जामा मस्जिद के सामने अंजुमन इस्लामियाँ के दफ्तर में मंगलवार देर शाम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत जामा मस्जिद के ईमाम इनाम रब्बानी ने तिलावते कुरान पाक से की। तत्पश्चात उन्होंने बताया की रब्बानी कैलेण्डर इसबार छह पन्ना में प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2024 के सभी 12 महीना की तारीख के साथ साथ प्रत्येक पन्ना में बहुत ही खास तरीके से इस्लामिक पर्व त्योहार के अलावे इस कई वालियों के आस्ताने पर आयोजित होने वाली उर्स का भी उल्लेख किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि कई तरह से फायदा पहुंचाने वाली ताबीज और विभिन्न प्रकार की दुआएं भी दी हुई है।उन्होंने यह भी बताया की गुमला व लोहरदगा जिला के अलावे छत्तीसगढ़ के जशपुर और रायगढ़ जिला में आबाद अकीदतमंदों के घरों तक रब्बानी कैलेण्डर कमेटी सदस्यों द्वारा पहुंचाकर निःशुल्क वितरण किया जाएगा।वहीं कैलेण्डर की छपाई से लेकर निःशुल्क वितरण तक का सभी खर्च बज्मे रब्बानी कमेटी गुमला के सदस्यों के द्वारा वहन किया जा रहा है।कार्यक्रम के उत्तरार्ध में सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया और अमन चैन के साथ साथ जिला राज्य और मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी गई। मौके पर रब्बानी कमेटी के सदर अफरोज रब्बानी उर्फ पप्पू, अंजुमन के सेक्रेटरी मकसूद आलम, हाफिज जाहिद रब्बानी, हाफिज सद्दाम, तहसीन रब्बानी, साजिद रब्बानी, एखलाक रब्बानी, शाहजहा रब्बानी, बबलु रब्बानी, रिंकु रब्बानी, हसन रब्बानी और आमिर रब्बानी समेत दर्जनों मुरीदान मौजूद थे।

# एक शाम -आंजन धाम कार्यक्रम 20 से 23 तक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आंजन धाम में आगामी कार्यक्रम एक शाम-आंजन धाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमिटी के पदाधिकारियों संग आंजन धाम विकास समिति के बैठक आयोजित हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर गुमला का आंजन धाम भी जुड़ेगा। कार्यक्रम 12 जनवरी की जगह 22 जनवरी को सम्पन्न होगा। जिसमें 20,21,22 जनवरी तीन दिनों का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए गुमला जिला अध्यक्ष के रूप में अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा,लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीष राजगढ़िया,राष्ट्रीय महामंत्री नितेश पाठक को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ अखंड हरिकीर्तन, रामकथा,महा आरती लाखों भक्त एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

इसके लिए जल्द ही संचालन समिति का गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित दिवाकर पाठक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह, पप्पू सिंह वीरेंद्र तिवारी , उदय चंद्र मुखर्जी, सूर्यकांत दुबे, जलेश्वर सिंह, श्रीदेव सिंह सुशील तिवारी, विक्की सोनी आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

गांव को प्रखंड, जिला मुख्यालय से जोड़ने और सुलभ आगमन के लिए बस चलाने का प्रस्ताव

# क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण गांव को मिलेगा ग्राम गाड़ी योजना का लाभ : विधायक

**कहा- इस योजना के शुरू होने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर मिलेगा परिवहन सेवा का लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत सुदूरवर्ती गांव को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने व सुलभ आगमन के लिए बस चलाने का प्रस्ताव पलामू जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया है। प्रस्ताव में हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत महुदण्ड व डंडिला, पथरा, दंगवार, देवरी खुर्द, पोलडीह, जमुआ, झरगड़ा, हैदरनगर के सिघना, बारेवा, सड़या, परता, कुकही, लपेया, मोहमदगंज प्रखंड के कादल, पंसा, गाजी बिहारा, भाली, बटौआ, हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा, सरसोट, कुलहिया, तुरी लंगुराही, पिपरा प्रखंड के सरैया और पिपरा शामिल है। विधायक ने कहा कि प्रखंड को जिला और गांव के प्रखंड से जुड़ जाने से आम ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम गाड़ी योजना का लाभ दिलाते हुए सुदूरवर्ती गांव के ग्रामीणों को आवागमन की सुलभ व्यवस्था करना है। इस योजना के शुरू हो जाने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर परिवहन सेवा का लाभ मिल पाएगा।

## 1 जनवरी से राशन डीलरों की हड़ताल, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर संघ की हरिहरगंज प्रखंड इकाई की बैठक बुधवार को डाक बंगला परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विनय जायसवाल ने की। बैठक में एक जनवरी से फेयर प्राइस शॉप एसोसिएशन द्वारा हड़ताल का डीलर संघ समर्थन करेगा। प्रखंड सचिव अवधेश राम ने कहा कि हड़ताल के दौरान किसी भी डीलर के प्रतिष्ठान से उपभोक्ताओं को राशन व अन्य सामग्री नहीं मिलेगी। प्रखंड कोषाध्यक्ष कामता शर्मा ने संघ के सभी सदस्यों से अपने प्रतिष्ठान हड़ताल के दौरान सख्ती से बंद करने को कहा है। कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगों को नहीं मानती है, तब तक डीलर संघ हड़ताल पर रहेंगे। वहीं बैठक के बाद सभी पीडीएस दुकानदारों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रभारी बीडीओ यामुन रविदास को मांग पत्र सौंपा। जिसमें नेट सर्वर को दुरुस्त करने, पूर्व से वर्तमान तक वितरित अनाजों के विरुद्ध निर्धारित कमीशन का भुगतान करने, लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने, एनएफएसए में अग्रिम भुगतान का नियमन भुगतान होने के बावजूद राशि लेने के दौरान कमीशनखोरी बंद करने और घटिया ई-भार मापक यंत्र देकर इसकी मरम्मति के नाम पर नाजायज पैसा की वसूली डीलरों से बंद करने आदि मांग शामिल है। मौके पर अशोक यादव, धर्मेंद्र पटेल, मनोज शौंडिक, लक्ष्मण यादव, बीनू जायसवाल, सुनील जायसवाल, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, रामप्रवेश चौधरी, कपिलदेव सिंह, रामसुंदर राम, संजय राम, जितेंद्र मेहता, अजय गुप्ता, इंद्रदेव राम, चंदन, श्यामलाल मेहता, पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

## तीन अलग-अलग जगहों पर मृतकों के परिजनों से मिले भाजपा नेता, बंधाया ढांढ़स



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगहों पर मृतक के परिजनों से विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मुलाकात की। परिजनों को ढांढस बंधाया। बतातें चलें कि विश्रामपुर के गुरी गांव निवासी अंजनी मिश्रा की मौत मंगलवार को करंट लगने से हो गई थी। उनका दाह संस्कार बुधवार को गांव के ही शमशान घाट पर किया गया। स्व अंजनी मिश्रा भाजपा के सक्रिय सदस्य थे। इधर मौत की खबर सुनते ही स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी गुरि गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया। साथ ही पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। वहीं, झारहा गांव निवासी चंद्रिका राम की मौत पिछले दिनों हृदयगति रुक जाने से हो गयी थी। स्व चंद्रिका राम झारखंड पुलिस मेराल थाना में कार्यरत थे। विधायक पुत्र ने मृतक के दाह संस्कार में शामिल होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। साथ ही परिवार वालों को सांत्वना दी। इधर, शंख गांव निवासी बचनदेव साव की मां के निधन की खबर सुनते ही चंद्रवंशी शंखा गांव पहुंच गए और परिजनों को ढांढस बंधाया। उसके साथ नंददेव यादव, संजय चंद्रवंशी, मेराज आलम, स्वेब साह, आशीष पांडेय सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## विश्रामपुर में टीवीएस कंपनी ने लगाया लोन व एक्सचेंज मेला

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** बाईक निर्माण की अग्रणी कंपनी टीवीएस ने बुधवार को विश्रामपुर के डाकबंगला परिसर में लोन व एक्सचेंज मेला का आयोजन किया। जिसमें ग्राहकों को कई तरह के छूट की जानकारी दी गई। मेला व एक्सचेंज का संचालन इंद्राणी टीवीएस रेहला ने किया। इंद्राणी टीवीएस रेहला के प्रो स्वयं चौबे आयुष ने बताया कि कंपनी का बाइक लेने पर अभी ग्राहकों को 10500 रुपए तक की बचत होगी। इसके अलावा पुरानी बाइक बदलकर नयी बाइक ले सकते हैं। फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर प्रशांत पांडेय, नवीन पांडेय, सद्दाम हुसैन, विकेश पांडेय, मुकुल पांडेय आदि मौजूद थे।

## प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मिले इसे सुनिश्चित करना आवश्यक: डीसी

### विद्यालय में बच्चों के ठहराव व शिक्षा पूरी कराना प्रमुख कार्य : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में बुधवार को समाहरणालय के ब्लाक 'ए' सभागार में शिक्षा विषयक जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पलामू डीसी शशि रंजन ने किया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद भी मौजूद थे। स्वागत भाषण पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी और पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं पलामू जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रमिला सिंह ने सम्मेलन को संबोधित किया। पंचायतीराज राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव ने पंचायती राज अधिनियम की रोशनी में मुखियागण के शिक्षा संबंधी दायित्वों को रेखांकित करते हुए प्रेरित किया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार रजक ने पीपीटी के माध्यम से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति,शिक्षा के अधिकार, शिशु पंजी एवं तीन वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा निर्बाध पूरी करने पर विस्तृत प्रस्तुति दी। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। वहीं, डीसी ने कहा कि परिवर्तन सकारात्मक प्रयासों से ही होंगे। उन्होंने अनेक मुखिया के सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मिले इसे सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने अनेक उदाहरण देकर बताया कि प्रयास करने से सकारात्मक बदलाव अवश्य होते हैं। वहीं डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि शिक्षा के प्रसार के लिए मुखियाओं को ठोस पहल करना जरूरी है। बच्चों का नामांकन काफी नहीं है।उनका विद्यालय में ठहराव एवं शिक्षा पूरी कराना प्रमुख कार्य है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को हासिल करके हम शिक्षा की गुणवत्ता को वैश्विक स्तर पर ला सकते हैं। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी जे मुथू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सम्मेलन में जिले के मुखियागण के साथ एडीपीओ उदय कुमार सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, रामनरेश राम, जीतवाहन उरांव, बीपीओ कृष्णकांत द्विवेदी, रोहित कुमार, मनोज तिवारी, शिक्षा कर्मी राजीव कुमार, शादाब हुसैन, विकास दूबे, आमोद सिन्हा, रामसरेख पाण्डेय, मुकेश सिन्हा, विनोद तिवारी, जावेद अंसारी, विजय शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## उंटारी रोड प्रखंड के डीलर जायेंगे हड़ताल पर, नहीं मिलेगा राशन

**ऊंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर डीलर संघ प्रखंड इकाई की बैठक ऊंटारी रोड के शिव सम्पत धाम में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक जनवरी से एसोसिएशन द्वारा हड़ताल का समर्थन किया जाएगा। डीलरों ने कहा कि हड़ताल के बाद कार्डधारियों को राशन नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में सभी डीलर नि:शुल्क काम करते आ रहे हैं। केंद्र सरकार जब तक मांगों को पूरा नहीं करती तब तक डीलर संघ हड़ताल पर रहेगा। अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार डीलर के साथ शौतेला व्यवहार कर रही है। एकजुट के बाद सभी डीलर प्रखंड कार्यालय ऊंटारी रोड पहुंचकर बीडीओ परितोष प्रियदर्शी को ज्ञापन सौंपा। मौके पर उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह,सचिव रूपेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, उमेश दीक्षित, सुषमा मेहता, बीजू सिंह, महेंद्र आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ बीएनएस स्कूल के समीप निर्माणाधीन फोरलेन सर्विस रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार की देर शाम की है। घायलों की पहचान रामपुर गांव के सत्येंद्र राम के 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार उसी गांव के सरयू राम के 21 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार और गुड़ी विगहा गांव के द्वारिका राम के 28 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र राम के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बैरिकेडिंग से टकराकर घायल हो गए। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वहीं इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही प्रकाश उर्फ छोटू की मौत हो गयी।

## सहायक अध्यापकों की बैठक, मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होने का निर्णय



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीआरसी कार्यालय परिषर में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर हुसैनाबाद आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी आंकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक- अध्यापिका शामिल थे। इस दौरान संघर्ष मोर्चा द्वारा पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम 28 व 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हुसैनाबाद के सभी आंकलन सफल प्रशिक्षित सहायक अध्यापक 28 दिसंबर को 200 की संख्या में रांची के लिए कूच करेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम, सचिव वैद्यनाथ पासवान, विंध्याचल सिंह, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष अविनाश सिन्हा, रजनीश कुमार, सुनील पाठक, संतोष पासवान, अनिल कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, राजेश कुमार, विनोद कुमार, मो समीम, मो औरंगजेब खान, मतीन अहमद, अखिलेश यादव, उमेश राम, संजय कुमार, संजीव कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सीनियर वालीबाल चैंपियनशिप 7 जनवरी से, तैयार शुरू

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 सात जनवरी से डालटनगंज में आयोजित होने जा रहा है। स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में आयोजित टूर्नामेंट की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें पलामू डीसी शशि रंजन व एसपी रिष्मा रमेशन को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। जबकि सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी आयोजन समिति के संयोजक की भूमिका में रहेंगे। वहीं डीडीसी रवि रंजन, नगर निगम आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, एसडीपीओ सुरजीत कुमार सिंह, डीईओ अनील कुमार चौधरी, डीएसई मनोज कुमार, डीएसओ प्रीति किस्कू, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सुरेश जैन, ज्ञानचंद पाण्डेय, सतवीर सिंह, जीवन प्रसाद सिंह, शिव प्रकाश प्रसाद, दीपक लाल, मनोज सिंह, दीपक सिंघानिया, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, डॉ संजय कुमार, युगल किशोर चंद्रवंशी, अनील सिंह, मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया है। कल्याण प्रसाद वर्मा, ललन सिन्हा, बाल मुकुंद पाण्डेय, सुधीर कुमार दुबे, हरिशंकर सिंह, सतीश कुमार पाण्डेय, सुधीर कुमार सौंडिक, कमल प्रसाद गुप्ता, प्रसन्नजीत दास गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता (लाल बाबू), महेश तिवारी, प्रदीप कुमार अकेला, मनोहर कुमार लाली, प्रभात कुमार गुप्ता, राज कुमार गुप्ता (टिवंकल), किरण अग्रवाल व इम्तियाज अहमद नज्मी को आयोजन समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है।

## प्रशिक्षु आइएएस ने सीओ को सौंपा बीडीओ का प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रशिक्षु आईएएस सह निवर्तमान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रवि कुमार के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ। इसके पूर्व प्रशिक्षु आईएएस ने सीओ यामुन रविदास को बीडीओ का प्रभार सौंपा। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों ने उन्हें अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षु आईएएस ने कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने से तरक्की मिलती है। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वालों का कहीं से भला नहीं होता है। इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच विकसित करें। प्रशिक्षु आईएएस ने कर्मियों को सामंजस्य बनाकर टीम भावना से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सीओ यामुन रविदास व आकांक्षी ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रणव कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस के कार्यों कि सराहना की। कहा कि कम समय में ही कर्मियों के साथ आम जनों में लोकप्रियता बढ़ी है।

## बीमा धारक के नॉमिनी को मिली राशि



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** बनांचल ग्रामीण बैंक सतबरवा ब्रांच की ओर से बीमित गौरा गांव निवासी रामेश्वर भूईया जिनकी 11 महिना पहले मृत्यु हो गई थी। जिस वजह से उनके घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। पत्नी उर्मिला देवी लकड़ी बेचकर घर का खर्चा चलती थी। उर्मिला देवी काजल आजीविका सखी मंडल से जुड़ी थी। कुच तकनीकि कारणों से राशि नहीं मिल पा रही थी। बैंक सखी जेएसएलपीएस और शाखा प्रबंधक के सहयोग से उनके खाते में सुधार कर नॉमिनी उर्मिला देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत क्लेम सेटलमेंट की राशि दो लाख रुपये बैंक खाते में बुधवार को ट्रांसफर कर दी गई। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से बीमित दुलसुलमा निवासी बसंती देवी जिनकी मृत्यु 15 जून 2023 को हो गई थी उनका नॉमिनी पति जगदीश सिंह को भी साथ में डमी चेक जनरल मैनेजर सुशांत कुमार पांडे शाखा प्रबंधक, घनश्याम कुमार ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आलोक कुमार, सामुदायिक समन्वयक रामनाथ विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

# स्पोर्ट्स



केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित किये जाने के बाद अब इससे जुड़े मामलों की देखरेख के लिए नई तदर्थ समिति यानी एड-हॉक समिति का गठन किया है। जो डब्ल्यूएफआइ के पूरे कामकाज को देखेगा।

**कड़ी निगरानी : खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआइ को किया था निलंबित**

## कुश्ती की देखरेख के लिए आइओए ने बनायी तीन सदस्यीय समिति

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) चर्चा में बना हुआ है। हाल ही में केंद्रीय खेल मंत्रालय ने संघ को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई में अलग-अलग पद के लिए हुए चुनाव में संजय सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए जीत हासिल की थी। इसके बाद बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट समेत कुछ दिग्गज पहलवानों ने संजय को पूर्व डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का करीबी बताया था। बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप हैं, जिसको लेकर पहलवान धरने पर भी बैठ चुके हैं। डब्ल्यूएफआई चुनाव के नतीजों के बाद साक्षी ने जहां कुश्ती से संन्यास ले लिया था, वहीं बजरंग ने पद्मश्री लौटा दिया था। इसके बाद खेल मंत्रालय ने एक्शन लेते हुए डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। अब कुश्ती और इससे जुड़े मामलों की देखरेख के लिए नयी तदर्थ समिति यानी एड-हॉक समिति का गठन किया गया है। डब्ल्यूएफआई चुनाव से पहले भी कुश्ती की देखरेख यही समिति कर रही थी, क्योंकि पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण को निलंबित किया गया था। खेल मंत्रालय ने तीन दिन पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) से भारतीय कुश्ती संघ का कामकाज देखने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा था। इसी के बाद आइओए ने यह फैसला लिया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) ने तदर्थ समिति का गठन करते हुए कहा कि डब्ल्यूएफआई के संचालन की निगरानी के लिए तदर्थ समिति का गठन किया गया है। उनका काम कुश्ती प्रतियोगिताओं के लिए एथलीट्स का चयन करना, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए एथलीटों के लिए एंट्रीज जमा करना, खेल गतिविधियों का आयोजन करना, बैंक खातों को संभालना, वेबसाइट का प्रबंधन करना और अन्य संबंधित जिम्मेदारियां शामिल हैं।

## पूजित अक्षत सह निमंत्रण को लेकर हुसैनाबाद विहिप की हुई बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जोगी वीर बस्ती के महावीर मंदिर में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई। जिसमें पूजित अक्षत सह निमंत्रण पत्र भेजने के लिए टोलियों का गठन ककिया गया। टोली नंबर एक में धनंजय, अरविंद वर्मा, गुड्डू यादव और दिलीप चौधरी, जबकि टोली नंबर दो में शशि, मनदीप चौधरी, प्रमोद चौधरी, अविनाश चौधरी और दिलीप सिंह, टोली नंबर तीन में कृष्ण राम और धनंजय राम, टोली नंबर चार में घनश्याम जी, राजकुमार जी, गोपाल सोनी, पप्पू सोनी, अभिषेक कुमार, विकास कांश्यकार, राजू गुप्ता, सोनू पाल और टोली नंबर पांच में प्रदीप, चंदन, शशि, सोनू, पंकज गुप्ता, दीपक सोनी और डॉक्टर एसके राय आदि को शामिल किया गया। लोकनाथ केशरी ने कहा कि एक से 15 जनवरी तक घर-घर निमंत्रण पत्र पहुंचाया जाएगा।

## विश्रामपुर के प्रसिद्ध देवस्थल महत्वाना धाम परिसर में 31 दिसंबर को लगेगा भव्य मेला



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर खुटिसोत नदी तट किनारे स्थित बाबा महत्वना धाम परिसर में 31 दिसंबर को भव्य मेला लगेगा। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। उल्लेखनीय है कि इलाके में आस्था के केंद्र बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर साल के अंतिम दिन मेला लगता रहा है। धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि इस बार मेला को अविस्मरणीय बनाने के लिये कई नये प्रयोग किये जा रहे है। मेला में बच्चों के मनोरंजन हेतु भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा मेला स्थल पर सारा दिन भोजपुरी दोगोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि इस मेले में दूर-दूर से लोग आते है।

**सनसनी :** पोस्टरबाजी कर मुखबिरी करनेवालों को दी ऐसा ही हश्र करने की चेतावनी

# नक्सलियों ने की पूर्व वार्ड सदस्य की हत्या, पुलिस की मुखबिरी का संदेह

- कई लोगों के बीच से ले जाकर गला रेता, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में पुलिस की मुखबिरी करने के संदेह में भाकपा माओवादियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। उसकी पहचान सुखराम मांझी (35) के रूप में हुई है। वह चुटे पंचायत के दंडरा गांव का रहने वाला था। पूर्व वार्ड सदस्य भी था।




नक्सलियों द्वारा की गई पोस्टरबाजी।

उसका शव मंगलवार की शाम 7.30 बजे उसके घर से कुछ दूरी पर स्थित वन विभाग के आवास के निकट से बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार सुखराम मांझी अपने घर की दुकान पर था। गांव के कुछ लोग भी वहीं मौजूद थे। इसी बीच माओवादियों का एक दल अचानक वहां आ धमका और सुखराम मांझी को पकड़ लिया। उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। माओवादियों ने इस दौरान चेतावनी दी कि पुलिस की मुखबिरी और एसपीओ बनना बंद करो। जो भी पुलिस की मुखबिरी करेगा, उसका यही अंजाम होगा। माओवादियों ने घटना को अंजाम देने के बाद वहां पर्चा भी छोड़ दिया। जिसमें सुखराम मांझी पर पुलिस का एसपीओ बनने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। लेकिन जबतक घटनास्थल पर नहीं पहुंचते हैं, तब कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि दंडरा गांव पूर्व से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है।

## बोकारो में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करें एसपी, अन्यथा होगा आंदोलनः अमित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो पुलिस अधीक्षक (एसपी) आलोक प्रियदर्शी से उनके गोपनीय कार्यालय में मिल कर जिले में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने की मांग की है। इस संदर्भ में कुमार अमित ने एसपी को लिखित ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें जिले में बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त किया है। बताया कि ज़िले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आए दिन गोलीबारी, चोरी, छिनतई, रंगदारी की घटनाएं शहर से लेकर गांव तक घटित हो रही है। पुलिस मामलों पर कार्रवाई करने के बजाय रफा-दफा करने में लगी है। अपराधियों का मनोबल बढ रहा है। जमीन विवाद में भी हत्या, मार-पीट जैसी घटनाएं बोकारो में बढ गई है। अपराध का ग्राफ बढ़ने के मामले में बोकारो झारखंड में तिसरे स्थान पर आ गया है। जिला में विशिष्ट लोग भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। कुमार अमित ने बोकारो एसपी से बढ़ती अपराधिक घटनाओं में कमी नहीं आने पर जनता के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की भी बात कही। इस पर एसपी ने अपराध नियंत्रण को लेकर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## 10 जनवरी से धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर फिर दौड़ेगी डीसी ट्रेन : ढुल्लू महतो



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास वासियों के लिए गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और मेरे प्रयास से लाइफ लाइन कही जाने वाली धनबाद-चंद्रपुरा डीसी ट्रेन 10 जनवरी को पुनः शुरू हो जाएगी। धनबाद-रांची की डीसी ट्रेन भी कुछ ही दिनों बाद शुरू करवा दी जाएगी। उक्त जानकारी बुधवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कतरास रेलवे स्टेशन परिसर में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी। इस दौरान वे झारखंड सरकार के खिलाफ हमलावर भी हुए। कहा कि प्रदेश के मुखिया को कोयला चोरी करवाने से फुर्सत नहीं है। इस लिए वे जन समस्याओं पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। पर हमारे लिए जन समस्या सर्वोपरी है। बताते चले कि 15 जून 2017 को पीएमओ कार्यालय से जारी आदेश के बाद डीसी लाइन पर दौड़ने वाली 26 जोड़ी ट्रेनों को बंद कर दिया गया था। बाद में इस मार्ग पर कई ट्रेनों का परिचालन तो शुरू हुआ पर अब तक डीसी ट्रेन चलने का लोगों को इंतजार है। मौके पर भरत शर्मा, राकेश सिंह, कंचन चौरसिया, प्रकाश राम गुप्ता, सूर्य देव मिश्रा, हरेंद्र सिंह, जितेश रजवार आदि मौजूद थे।

## चंदनकियारी में तकनीकी शिक्षा संस्थान की घोर कमीः उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आजसू की कालिकापुर पंचायत में बुधवार को बैठक हुई। जिसमें पंचायत, ग्रामीण कमेटी तक संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी में तकनीकी शिक्षण संस्थान की कमी के कारण प्रतिभाओं को उचित अवसर नहीं मिल पा रहा है। इसे रोकने के लिए क्षेत्र के बुद्धिजीवियों को पहल करनी होगी। कहा कि आधुनिक युग के साथ कदम ताल मिलाकर चंदनकियारी को चलने के लिए



तकनीकी शिक्षण संस्थान की नितांत आवश्यक है। उसे पूरा करने के लिए आजसू ने एक योजना बनाई है। सबसे पहले क्षेत्रीय संपन्न लोगों से इस नेक काम के लिए आगे आने की अपील की जाएगी। उसके बाद निजी संस्थान को आमंत्रित किया जाएगा। संपन्न और बुद्धिजीवियों को इस क्षेत्र में शिक्षा का अलग जगाने में आजसू को सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिपद राय ने किया। मौके पर शिव प्रसाद महतो, धीरेंद्र नाथ राय, हीरा लाल महतो, उमेश राय, संदीप माहथा, प्रदीप महतो, नेपाल गोप, राजीव सिंह चौधरी, अमर सिंह चौधरी, जगबनधू महतो, खिरोध महतो व विजय रजक आदि उपस्थित थे।

# घटना से हम सभी को सीख लेने की जरूरतः पूर्णिमा

## सुरक्षित रहेंगे, तभी उत्पादन बढ़ेगा: विधायक राज सिन्हा

चासनाला खदान हादसे की मनाई गई 48वीं बरसी, परिजनों, सेल अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ट्रेड यूनियन के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** चासनाला साउथ कॉलोनी स्थित शहीद स्मारक पर बुधवार को सेल के चासनाला डीप माइंस खान में शहीद 375 मजदूर की 48वीं बरसी पर सर्व धर्म श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। जिसमें मारे गए मजदूरों के परिजन, सेल अधिकारी, कर्मी, विभिन्न राजनीतिक दल के नेता श्रमिक यूनियन प्रतिनिधि नागरिक व आमजन पहुंचकर नम आंखों से नमन किया। दोपहर 1.35 बजे आपातकालीन सायरन बजा जिसके साथ ही मौजूद लोगों में घटना की याद ताजा हो गई। इसके बाद मजदूरों के परिजनों सहित सेल के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने श्रधांजलि दी।





### सभी ने कहा- उत्पादन के साथ सुरक्षा जरूरी

सेल कार्यपालक निदेशक अनूप कुमार ने पुष्पगुच्छ व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चारों धर्म के धर्म गुरुओं ने मंत्र उच्चारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं, खान हादसे को लेकर चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें खान दुर्घटना व अन्य बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां प्रदर्शित की गई। सेल के कार्यपालक निदेशक अनूप कुमार ने पत्रकारों से कहा कि घटना काफी दुखद थी। यह घटना मेरे जहन में आज भी बसी है जिसे याद कर अभी भी दर्द होता है। कंपनी का उद्देश्य है कि समस्या मुक्त, पूरी सुरक्षा और हर कोई पूरी सुरक्षित तरीके से उत्पादन कार्य करें। वहीं, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि इस घटना से हमें सीख लेने की जरूरत है। ऐसी घटना की पूर्नवृति ना हो इसके लिए प्रबंधन द्वारा पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ काम करना होगा। वहीं, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि आज भी हम इसे एक चुनौती और संकल्प के रूप में लेते हैं कि पहले सुरक्षा तब उत्पादन। अगर सुरक्षित रहेंगे तभी उत्पादन बढ़ेगा। इस अवसर पर सेल के कार्यपालक निदेशक अनूप कुमार, मुख्य महाप्रबंधक चासनाला व टासरा शिवराम बनर्जी, सीजीएम कार्मिक संजय तिवारी, सीजीएम मो अदनान, महाप्रबंधक संजय कुमार, उदय कुलकर्णी, आदित्य सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, भाजपा के पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा, पूर्व पार्षद प्रियंका देवी, ट्रेड यूनियन के ललन चौबे, सुंदरलाल महतो, योगेंद महतो, जितेंद्र मिश्रा, उमेश यादव, अभिषेक पाण्डेय, सुभाष शर्मा, अजित महतो, डेविड सिंह, रंजय सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## खूनी संघर्ष मामले में रागिनी सिंह समर्थक को जेल



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एकड़ा में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के समर्थकों के बीच विगत दिनों खूनी संघर्ष हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को रागिनी सिंह समर्थक सत्येंद्र केवट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सतेंद्र को मंगलवार की रात छापामारी कर उसके घर से गिरफ्तार किया था। छापामारी में थाना प्रभारी राजन कुमार राम, एएसआई हीरालाल आदि शामिल थे। बतातें चलें कि 20 नवंबर की रात एकड़ा में विधायक ढुल्लू व रागिनी समर्थक आपस में भिड़ गए थे। जिसमें ढुल्लू समर्थक सुनील राय का भांजे यशवंत गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में पारस राय ने सतेन्द्र केवट, सुजीत केवट, सूरज आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## झरिया विधायक ने की जलापूर्ति योजना को लेकर समीक्षा बैठक

# कार्य में तेजी लायें और समय पर पूरा करवायें अधिकारीः पूर्णिमा नीरज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** विधयाक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने आवास रघुकुल में झरिया में चल रही जलापूर्ति योजना की स्बुधवार को मीक्षा बैठक की। जिसमें झमाडा, जेएमसी, पीएमसी और नगर निगम के प्रतिनिधि शामिल थे। विधायक ने झरिया के लक्ष्मणिया मोड़ के समीप पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने, समय पर पाइप रेस्टोरेशन, जोन 6 के काम को प्राथमिकता देते हुए कार्य को पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही जोन 6 में आने वाले रेलवे क्रॉसिंग को पास पाइपलाइन कार्य को जल्द पूरा करने के लिए जेएमसी के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान पीएमसी की ओर से बताया गया कि धनबाद रेलवे डिविजन द्वारा बार-बार ऑनलाइन एनओसी को रिजेक्ट किया जा रहा है। जिसके बाद विधायक ने धनबाद डीआरएम से वार्ता कर उसके निष्पादन को लेकर चर्चा की। बैठक में झमाडा के सहायक अभियंता मनोज सिंह, कोशलेश यादव, पीएमसी से एलडी त्रिपाठी, जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर सतीश रेड्डी आदि उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करती झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

### विद्यालय की बाउंड्री वाल का शिलान्यास

झरिया के सब्जी बगान के समीप न्यू प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास इस दिन झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि 18.19 लाख रुपए की लागत से डीएमएफटी फंड से स्वीकृत इस बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य चार माह में पूरा हो जाएगा, जिसका लाभ यहां पढ़ने वाले बच्चों को मिलेगा। बच्चे खुद को स्कूल में सुरक्षित महसूस करेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, मुख्तार खान, रामजी सिंह, गणेश बहादुर सिंह, महेश शर्मा, रत्नेश यादव, राजीव पांडेय, वीरेंद्र बहादुर सिंह और राकेश पासवान आदि थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**

**समग्र शिक्षा**

**समाहरणालय भवन, कोडरमा**

दूरभाष: 8002410681, पिन कोड–825410

jepckoderma@yahoo.co.in& jepkoderma@gmail.com

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें

**विज्ञप्ति संख्या 1564 /27/12/2023**

**कोडरमा जिला अन्तर्गत 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में शिक्षिकाओं के नियुक्ति के निमित आपत्ति प्राप्त करने हेतु आम सूचना**

कोडरमा जिला अन्तर्गत 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु जिला कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 1206/26/09/2023 के आलोक में अंतिम तिथि दिनांक 20.10.2023 तक अभ्यर्थियों से निबंधित डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों के अधार पर दिए गए विवरणी का अवलोकन कर विहित प्रपत्र में कोडरमा जिला के NIC बेवसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है। इसमें किसी भी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र के साथ दिए गए सूचना/प्रमाण–पत्र अपूर्ण अथवा छुट गया हो या कोई त्रुटि रह गया हो तो दिनांक 10.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक अपना आपत्ति जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा में निबंधित डाक द्वारा आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आपत्ति सही पाए जाने पर इसमें सुधार किया जा सकेगा। इसमें कोई भी नया प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि दिनांक 10.01.2024 के अपराह्न 5:00 बजे के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 314474 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

**कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर निगम हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत Jharkhad Local Bodies Advertisement Regulation, 2017 (JLBAR–2017) में वर्णित विज्ञापन/प्रदर्शनी प्रकार के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्धारित विभिन्न Outdoor Media Device (OMD) के लिए अनुज्ञप्ति शुल्क एवं विज्ञापन शुल्क की सूची निम्नवत् है। यह दिनांक 01.01.2024 से दिनांक 31.12.2024 के लिए मान्य होगा।

| Sl. No. | Typology | Typology Description | License Fee (In Rs.) For Every Year | | | Advertisement Tax (Per Sq. ft per year) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Zone-A | Zone-Bm (60% of Zone-A) | Zone-C (30% of Zone-A) | |
| Typology A: OMD's on public transport services/Street Furniture | | | | | | |
| 1 | A1 | Bus and intermediate public transport (IPT) shelters | 15000 | 9000 | 4500 | Rs. 74 per sq ft per year |
| 2 | A2 | Bus IPT Route markers | 500 | 300 | 150 | Rs. 25 per sq ft per year |
| 3 | A3 | Foot Over Bridge, Toilet Blocks and urinals | 1000 | 600 | 300 | Rs. 25 per sq ft per year |
| 4 | A4 | Cycle Station | 1000 | 600 | 300 | Rs. 25 per sq ft per year |
| 5 | A5 | Police Booth, parking Booth, Telephone Booth, Pre paid taxi booth, Bus/Rail Booking information booth, drinking water facility, vending kiosks, kiosks outside colonies to facilitate direction/payments of bills etc. | 500 per kiosk | 500 per kiosk | 500 per kiosk | Rs. 25 per sq ft per year |
| 6 | A6 | Sitting Bench, Garbage Bins | 500 per kiosk | 500 per kiosk | 500 per kiosk | Rs. 25 per sq ft per year |
| Typology B: OMDs on Public transport system | | | | | | |
| 7 | B1 | Metro/MRTS | NA | NA | NA | NA |
| 8 | B2 | Transport Barricading | 500 (per kiosk) | 500 (per kiosk) | 500 (per kiosk) | Rs. 75 per sq ft per week |
| 9 | B3 | Public Transport Vehicle (E Rickshaw, City Bus etc) | 500 per vehicle | 500 per vehicle | 500 per vehicle | Rs. 97.50 per sq ft per week |
| Typology C: OMD's on commercial advertising structure's on public land | | | | | | |
| 10 | C1 | Billboards/Hoarding on public lands | 2000 (per spot) | 1200 (per spot) | 600 (per spot) | Rs. 81 per sq ft per year |
| 11 | C2 | Unipole/Monopole, Overhead arches on public lands | 5000(per spot) | 3000(per spot) | 1500(per spot) | Rs. 180 per sq ft per year |
| 12 | C3 | Pole Kiosk, Lollipop on public lands/building | 200(per spot) | 120(per spot) | 60(per spot) | Rs. 81 per sq ft per year |
| Typology D: OMD's commercial advertising structure's on private land | | | | | | |
| 13 | D1 | Billboards/Building boards, wall wraps onon private lands/Building | 2000(per spot) | 1200(per spot) | 600(per spot) | Rs. 36 per sq ft per year |
| 14 | D2 | Unipole/Monopole, Overhead arches on private land/ Building | 2000(per spot) | 1200(per spot) | 600(per spot) | Rs. 75 per sq ft per year |
| 15 | D3 | Pole Kiosk, Lollipop on private lands/building | 2000(per spot) | 1200(per spot) | 600(per spot) | Rs. 36 per sq ft per year |
| Typology E: Events | | | | | | |
| 16 | E1 | Temporary events | 2500 (per event) | 2500(per event) | 2500(per event) | Rs. 15 per sq ft per week |
| Typology F: Land Scape Advertising | | | | | | |
| 17 | F1 | Landscape advertising/Tree guards | 500 (per Tree) | 300(per Tree) | 150(per Tree) | Rs. 10 per sq ft per year |
| Typology G: Shop Signage | | | | | | |
| 18 | G1 | Self Advertising | - | - | - | Rs. 180 per sq ft per year |
| TypologyH: Innovative Advertising (Illustrative list in H1 but not limited to this list as it is not exhaustive list) | | | | | | |
| 19 | H1 | Innovative advertising including trailer advertising, Bicycle, auto rickshaw, Handcart or any vehicle including LCD, LED, Blinds, Ballons, (Including Mobile Display), Bunting | 500 (per spot) | 500 (per spot) | 500 (per spot) | Rs. 97.50 per sq ft per year |
| Typology I: Cinema advertising | | | | | | |
| 20 | I1 | In cinema on screen advertising including slides advertisement and advertisement films (Moving Advertisements) | 6000 per screen | 6000 per screen | 6000 per screen | 75 per sq.ft per year |
| TypologyJ: Inside Commercial Building & Public Buildings | | | | | | |
| 21 | J1 | Inside commercial Building and Public Building | - | - | - | Rs. 180 per sq ft per year |
| 22 | Wall Painting | | | | On Govt. lands Rs. 97.50 per sq. ft. | On private lands Rs. 97.50 per sq. ft. |

| क्रमांक | विज्ञापन/प्रदर्शनी का प्रकार | Advertisement Fees |
|---|---|---|
| 1 | तौरण द्वार | Rs 2250 per for 3 days |
| 2 | दुकानदार व्यवसायियों द्वारा लगाए गए प्रतिष्ठान दुकान के बाहरी हिस्से में विज्ञापन | Rs 180 per sq.ft per year |
| 3 | ट्रैफिक पुलिस पोस्ट | Rs 3900 per sq.ft per year |
| 4 | पुलिस पोस्ट | Rs 3900 per sq.ft per year |

दण्ड प्रावधान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | यदि कोई यक्ति/ संस्था हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत में बिना अनुमति के किसी प्रकार के पोस्टर, होर्डिंग, फेम, पोस्ट, कियोस्क रचना, वाहन पर विज्ञापन, नियोन साईन या स्काई साईन आदि का प्रदर्शन करता है। | झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा 600, | चलान/रसीद के माध्यम से रू० 25000/– तक एवं रू०100/–प्रतिदिन के अलावा के लिए |
| 2 | यदि किसी व्यक्ति द्वारा हजारीबाग नगरनिगम क्षेत्रान्तर्गत में विज्ञापन कर (ADVERTISEMENT) दिए बिना किसी तरह का विज्ञापन लगाया/रखा/प्रदर्शित किया जाता है, तब विज्ञापन दर के 5 गुणातक का दण्ड जा सकता है। | झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा 602, | विधिपूर्वक देय टैक्स का कम से कम 2 गुणा या अधिनियम 5 गुणा तक चलान/रसीद के माध्यम से। |

नियमावली का कंडिका 3 के तहत सभी विज्ञापन कर्त्ता, एजेन्सी अथवा संस्थान को नगर निकाय अन्तर्गत विज्ञापन प्रदर्शनी हेतु पंजीकृत कराना अनिवार्य है। पंजीकरण/नवीकरण प्रति वर्ष कराना होगा तथा निबंधन की अवधि एक वर्ष की होगी, निबंधन हेतु प्रतिवर्श 25000/– (पच्चीस हजार) की दर से बैंक ड्राफ्ट **MUNICIPAL COMMISSIONER, HAZARIBAGH MUNICIPAL CORPORATION** के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। पंजीकरण/नवीकरण के उपरान्त ही सभी विज्ञापनकर्त्ता, एजेन्सी अथवा संस्थान को नए स्थलों पर विज्ञापन पट्ट अधिश्ठापन की स्वीकृति दी जाएगी।

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 314459 (Urban Development and Housing)23-24*D

### रेलवे स्टेशनों पर किसानों/कारीगरों के उत्पादों के साथ वन स्टेशन वन स्टॉल

# कारीगरों और शिल्पकारों को मिला मंच

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर और खोरधारोड रेलवे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल अब राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रवर्तित किसानों और कारीगरों के उत्पादों के साथ प्रदर्शित किए गये हैं। इन उत्पादों में हथकरघा, हस्तशिल्प और उपभोग्य उत्पाद जैसे घोड़ा चना, हरा चना, काला चना, शहद आदि शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, आदिवासियों आदि की आजीविका




और कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से वन स्टेशन-वन प्रोडक्ट अवधारणा की घोषणा की गयी थी। रेलवे स्टेशन इस उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विपणन चैनल के रूप में कार्य करेगा। इस पहल में, नाबार्ड ने अपने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ऑफ फार्म उत्पादक संगठनों (ओएफपीओ) और स्वयं सहायक समूहों को निर्मित एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) स्टालों के माध्यम से भुवनेश्वर और खोरधारोड रेलवे स्टेशनों पर अपने उत्पादों को बेचने के लिए प्रोत्साहित किया । रेलवे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लाभान्वित कारीगरों और शिल्पकारों के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना विश्वकर्मा समुदाय से संबंधित कारीगरों और शिल्पकारों का समर्थन और विकास करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक पहल है। वर्तमान में खोरधारोड मंडल में 12 रेलवे स्टेशनों अर्थात भुवनेश्वर, पुरी, खोरधारोड, बालूगांव, छतरापुर, ब्रह्मपुर, पलासा, कटक, जाजपुर केंदुझर रोड, भद्रक, अनुगुल और ढेंकनाल रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) स्टॉल हैं, जो स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्रदर्शित करते हैं।

# कमजोर आबादी की नौकरियों तक पहुंच बनाने पर बल

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**भुवनेश्वर।** इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन (IEA) सम्मेलन का 106वां संस्करण महत्त्वपूर्ण आर्थिक पहलुओं, प्रौद्योगिकी और नीति-निर्माण के उभरते परिदृश्य पर प्रकाश के साथ शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और भारत के योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ मोंटेक सिंह अहलुवालिया ने प्रतिस्पर्धी हितों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र की ताकत, बदलती सरकारों के बावजूद नीतिगत निरंतरता सुनिश्चित करने को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को प्रभावित करने में तकनीकी दिग्गजों की बढ़ोतरी पर जोर देते हुए, विकसित हो रही प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ अहलुवालिया ने प्रौद्योगिकी






आधारित प्रगति के साथ आवश्यक आसन्न संरचनात्मक परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने नवाचार को बाधित किए बिना नयी प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए एक संतुलित नीति दृष्टिकोण की वकालत की और कमजोर आबादी की नौकरियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने अर्थशास्त्रियों से इन चुनौतियों पर विचार करने का आग्रह किया और भारतीय आर्थिक संघ के भीतर विविध दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित किया।


कीट-कीस के संस्थापक और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के संरक्षक डॉ अच्युत सामंत ने कीट में सम्मेलन की मेजबानी के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संस्थान के वित्तीय प्रबंधन पर प्रकाश डाला और कीट-कीस की शुरूआत को याद किया। इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ विश्वजीत चटर्जी ने वृहद स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की एक विस्तृत तस्वीर पेश की। अन्य वक्ताओं में सम्मेलन के एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ तपन कुमार शांडिल्य, मुख्य संयोजक डॉ अनिल कुमार ठाकुर, आइइए के उपाध्यक्ष डॉ ए जोथी मुरुगन, आइइए के उपाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र अवस्ती सहित अन्य शामिल थे। अवसर पर जाने-माने अर्थशास्त्री प्रो वेदगिरि शनमुगसुंदरम को आर्किटेक्ट ऑफ आइइए पुरस्कार से सम्मानित किया गया और बेस्ट कंट्रोलर का पुरस्कार बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ संजय कुमार को दिया गया। ज्ञानचंद अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार टी एम भागलपुर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पोस्ट-डॉक्टरल शोधकर्ता पंकज कुमार को दिया गया।

इस अवसर पर डॉ अहलुवालिया ने कीट-कीस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के योगदान के सम्मान में 'शिक्षा, सशक्तिकरण और ज्ञानोदय के लिए सामुदायिक निमार्ता' नामक एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया।

# आइआइटी भुवनेश्वर ने की एआइ और हाइ पर्फॉर्मिंग कंप्यूटिंग अनुसंधान केंद्र की स्थापना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने एआइ और हाइ पर्फोर्मिंग कंप्यूटिंग (एचपीसी) के क्षेत्र में अंतः विषयक और सहयोगी अनुसंधान करने के लिए एक नवीन एआइ और एचपीसी अनुसंधान केंद्र (एएचआरसी) की स्थापना की है। एएचआरसी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के अनुसंधान, नवाचार और अनुप्रयोग के माध्यम से कई क्षेत्रों में वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए भारत और विदेशों के सहित अन्य प्रतिष्ठित अकादमिक, उद्योग और सरकारी अनुसंधान संगठनों की भागीदारी के साथ एक राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र के रूप में डिजाइन किया गया है। एएचआरसी एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देगा जहां कई विषयों और कई संस्थानों के वैज्ञानिक और शिक्षाविद तेजी से आगे बढ़ने वाले क्षेत्र से निपटने के लिए एक सामान्य संसाधन पूल और ज्ञान पूल बनाने के लिए एक साथ कार्य कर सकेंगे। इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान, चिकित्सा, कृषि, आधारीय विज्ञान, वित्त, अर्थशास्त्र और अन्य क्षेत्रों के विभिन्न शोधकर्ता, उद्योग और समाज के सामने आने वाली समस्याओं के एकीकृत और व्यापक समाधान खोजने हेतु एकजुट होकर कार्य करेंगे। एएचआरसी का सबसे महत्वपूर्ण अनुसंधान और नवाचार फोकस उन क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के अनुप्रयोग में है जो प्रत्यक्ष रूप से समाज को लाभान्वित




करते हैं जैसे कि चिकित्सा, कृषि, पर्यावरण, स्थायी समुदायों, स्मार्ट शहरों और साइबर सुरक्षा। प्रो श्रीपाद करमलकर, निदेशक, आइआइटी भुवनेश्वर एएचआरसी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे, और प्रो अश्विनी कुमार नंदा एएचआरसी गतिविधियों को इसके संस्थापक केंद्र-निदेशक के रूप में नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा, प्रो सुब्रंशु रंजन सामंतराय और प्रोफेसर मनोरंजन सत्पथी एएचआरसी के सहयोगी केंद्र-निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आइआइटी भुवनेश्वर की इस महत्वपूर्ण पहल के संबंध में, प्रो श्रीपाद करमलकर ने कहा कि : आइआइटी भुवनेश्वर द्वारा निर्मित यह एक तरह का राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र है जो समय के मांग के अनुरूप राज्य और पूरे भारत के शोधकर्ताओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई परफॉर्मिंग कंप्यूटिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान और नवाचार के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा। केंद्र-निदेशक प्रो अश्विनी नंदा के शब्दों में कहा जाए तो, एएचआरसी का लक्ष्य भारत के लोगों की सेवा करने हेतु वैश्विक जानकारी लाने के साथ-साथ वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रभाव बनाने और अपने विश्व स्तरीय अनुसंधान के माध्यम से वैश्विक समुदाय की सेवा करना है। एक दर्जन से अधिक अमेरिकी विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रयोगशालाओं के साथ अनुसंधान सहयोग स्थापित करने के अलावा, एएचआरसी राष्ट्रीय संस्थानों जैसे एम्स और अन्य आइआइटी के साथ-साथ ओड़िशा और ओड़िशा राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर सहयोग कर रहा है। उदाहरण के लिए, एएचआरसी के वैज्ञानिक एम्स भुवनेश्वर और संयुक्त राज्य अमेरिका में स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों के सहयोग से ओड़िशा के ग्रामीण समुदायों में कई बीमारियों के निदान और उनमें होने वाली जानलेवा बीमारियों की तेजी से जांच के लिए एआइ उपकरण विकसित करने पर काम कर रहे हैं।




# गरीबों के बीच 500 कंबल का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ठंड के मद्देनजर श्री साईं कृपा मित्र मंडल (ट्रस्ट) और स्वरूप संस्था के संरक्षक रमेश सिंह के द्वारा चुटिया क्षेत्र की स्लम बस्ती पावर हाउस छठ तालाब के समीप गरीबों के बीच 500 कंबल का वितरण किया गया। इस बस्ती के लोग घरों में काम करके और मजदूरी कर किसी तरह अपना




और परिजनों का भरण-पोषण करते हैं। साईं संस्था के अध्यक्ष अमर कुमार, उपाध्यक्ष रोहित पांडेय, अजीत सिंह, सुशील कुमार चौबे, अमित सिंह, अनूप सिंह, सचिव बापी सहिस, कोषाध्यक्ष मनीष पांडेय, अंकित सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष रवि राउत, राजकुमार शाह, नीतीश मिश्रा, भूपेंद्र प्रसाद, सोनू कुमार, सुभम साहू, आकाश आजमानी समेत अन्य मौजूद थे।







## कलिंगनगर पुलिस फाड़ी का उद्घाटन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कमिश्नरेट पुलिस द्वारा मंगलवार को एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के कैंपस-2 के पास कलिंग नगर पुलिस फांडी का उद्घाटन किया गया। पुलिस आयुक्त टुइन सिटी के सौमेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने फांडी का उद्घाटन किया, जबकि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ब्रिजेस कुमार रॉय, डीसीपी प्रतीक सिंह और सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक इस अवसर पर उपस्थित थे। आइएमएस और सम अस्पताल और सम अल्टीमेट मेडिकेयर दोनों इसी क्षेत्र में स्थित हैं और इन दोनों अस्पतालों में हर दिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इस मौके पर कमिश्नर प्रियदर्शी ने कहा कि यह पुलिस फांडी उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। प्रियदर्शी ने कहा कि यह फांडी भरतपुर पुलिस थाने के अंतर्गत कार्य करेगा तथा इसमें दो अधिकारी तथा 6 से 8 कांस्टेबल होंगे तथा एक पुलिस वैन उपलब्ध करायी जायेगी। प्रियदर्शी ने इस फांडी की स्थापना के लिए सोआ के पूर्ण सहयोग के लिए सोआ विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर नायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जोन 5 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस थाने के अधिकारी एवं स्थानीय क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## नये साल का जीरो नाइट सेलिब्रेशन पर नजर 20 प्लाटून पुलिस बल राजधानी की सुरक्षा करेगा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नये साल का जीरो नाइट सेलिब्रेशन पर नजर। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। नयी गाइडलाइन के मुताबिक बार और होटल रात 12:30 बजे तक खुले रहेंगे। अधिक समय तक खोलने के लिए विशेष अनुमति की आवश्यकता होगी। कल होटल और बार मालिकों के साथ बैठक हुई थी। होटल और बार में नये साल का जश्न कैसे मनाया जाए, इसे लेकर डीसीपी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जो होटल या बार मालिक रात डेढ़ बजे तक खोलना चाहेंगे, उन्हें विशेष अनुमति लेनी होगी। पार्किंग के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था करनी होगी। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि बार और होटल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्राहक बहुत अधिक शराब का सेवन न करें। इसी तरह जानकारी है कि राजधानी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 20 प्लाटून पुलिस बल तैनात रहेगा। मदूआ के लिए विशेष 5 पिसियार वैन पैंतरा मारेगा। 31 तारीख की दोपहर से संवेदनशील स्थानों और सितारा होटलों के सामने पुलिस पैंतरा मारेगा।










## चार शहर 10 डिग्री से नीचे : प्रदेश में सर्दी का प्रकोप कम हो रहा है

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कुछ दिनों की ठंड के बाद राज्य में हल्की सर्दी का एहसास हुआ है। पिछले कुछ दिनों से ठंड से कंपकंपी छूटने के बाद राज्य में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में 4 शहर ऐसे हैं जहां तापमान 10 डिग्री से नीचे है। कोरापुट 7.4, जी। उदयगिरि में 7.8, दारिंगबाड़ी में 9.5, सेमिलिगुडा में 9.6, फूलबली में 10.5, किरेई में 10.7 डिग्री जबकि भवानीपटना और नबरंगपुर में 11 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह बौध और नुआपड़ा में रात का तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया।

## ओड़िशा में कोरोना के दो और मामले : गंजाम प्रशासन ने मास्क और दूरी बनाये रखने की सलाह दी



**भुननेश्बर (आजाद सिपाही)।** राज्य में कोरोना के दो और नये मामले सामने आए हैं। इसे मिलाकर राज्य में संक्रमितों की संख्या 5 हो गयी है। संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ती देख गंजाम जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाइ की है। लोगों को मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाये रखने की सलाह दी जाती है। गंजाम जिले के प्रशासन ने सर्दी, खांसी और बुखार होने पर सैंपल की जांच कराने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों में कर्नाटक में सबसे ज्यादा 28, महाराष्ट्र में 26, पुडुचेरी में 9, उत्तर प्रदेश में 5 और तेलंगाना में 4 मामले सामने आए हैं। इससे पहले राज्य स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए सभी को सतर्क रहने की सलाह दी थी। पिकनिक का मौसम होने के कारण पर्यटक स्थलों पर भारी भीड़ देखी जाती है। जिससे कोरोना संक्रमण बढ़ सकता है। इसलिए भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहने की सलाह दी जाती है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**